रोहतक
शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 65
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 13.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## रिकॉर्ड तोड़ मतदान

## पुडुचेरी में 86.92 फीसदी, असम में 84.42%, केरलम में 75% वोटिंग

**नई दिल्ली।** तीन राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई है। असम, केरलम (केरल) और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को एक चरण में मतदान संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। पुडुचेरी में 86.92 फीसदी, असम में 84.42%, केरलम में 75% मतदान हुआ। छिटपुट हिंसा के साथ तीनों राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित होंगे।





# सरकार ने दो आईएएस व एक एचसीएस को किया सस्पेंड

**मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश** निलंबन की वजह स्पष्ट नहीं | **आईडीएफसी-कोटक महिंद्रा बैंक में** करोड़ों के घोटालों को माना जा रहा कार्रवाई की वजह | **कई बड़े अफसरों की** मिली थी संलिप्तता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने दो आईएएस अफसरों और एक एचसीएस अफसर को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से इस आशय के आदेश भी लिखित में जारी कर दिए गए हैं। निलंबन के पत्र में भले ही कारण स्पष्ट तौर पर नहीं लिखे गए हैं लेकिन बैंकों के अंदर सरकारी करोड़ों की राशि जमा कराकर और एफडी बनाकर खेल करने को ही इसका कारण माना जा रहा है। प्रदीप कुमार वन 2011 कैडर और दूसरा नाम आरके सिंह का है, जो 2012 बैच के हैं। आरके सिंह आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव और पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी में बतौर सीईओ सेवाएं दे रहे हैं। जबकि प्रदीप कुमार राज्य के परिवहन विभाग में निदेशक और विशेष सचिव पद पर तैनात थे। आरके सिंह नवंबर 2027 में रिटायर होंगे और प्रदीप कुमार इसी साल जून में रिटायर होने जा रहे हैं। निलंबित करने के साथ ही इन दोनों का मुख्यालय हरियाणा सचिवालय में कर दिया गया है।


प्रदीप कुमार


राम कुमार सिंह

### गुरविंद्र सिंह 2023 बैच के अफसर

गुरविंद्र सिंह कैथल में बतौर सिटी मजिस्ट्रेट सेवाएं दे रहे थे, वे वर्ष 2023 बैच के अफसर हैं। अहम बात यह है कि एचसीएस अधिकारियों का दो साल का प्रोबेशन पीरियड होता है, इस तरह से गुरविंद्र की नौकरी को ज्यादा समय नहीं हुआ है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है, कि उनकी नौकरी पर तलवार लटक गई है। निलंबित एचसीएस को निलंबन के दौरान मुख्य सचिव की शाखा में आकर ड्यूटी देनी होगी।

## सीबीआई ने आईडीएफसी बैंक घोटाले में दर्ज की एफआईआर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 590 करोड़ के आईडीएफसी बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई ने नई दिल्ली में एफआईआर दर्ज कर ली है। सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा की ओर यह केस दर्ज किया गया है। सीबीआई के अधिकारिक सूत्रों की माने तो जल्द ही जांच करने के लिए एक टीम चंडीगढ़ और पंचकूला पहुंचेगी। एसीबी से दस्तावेज लेने के बाद जल्द ही कई स्थानों पर छापेमारी भी हो सकती है। बता दें कि वर्तमान में इस मामले की जांच हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कर रही है। एसीबी ने 6 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए धारा 17ए के तहत हरियाणा सरकार से मंजूरी मांगी थी। इनमें 5 आईएएस अधिकारी भी शामिल हैं। दरअसल, हरियाणा सरकार के 18 विभागों द्वारा लगभग 590 करोड़ रुपये की राशि आईडीएफसी बैंक में जमा कराई गई थी। यह राशि फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करने के लिए दी गई थी।

**खाता बंद करने के अनुरोध पर खुलासा :** इसके बाद एक विभाग ने अपना खाता बंद कर राशि दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस प्रक्रिया के दौरान खाते की वास्तविक शेष राशि और विभाग द्वारा बताई गई राशि में अंतर पाया गया।

**बैलेंस में अंतर मिला :** 18 फरवरी 2026 से अन्य हरियाणा सरकारी संस्थाओं ने भी अपने खातों के संबंध में बैंक से संपर्क किया। जांच के दौरान उनके बताए गए बैलेंस और बैंक रिकॉर्ड में दर्ज बैलेंस में अंतर पाया गया।

### उधर, कोटक महिंद्रा बैंक को पैनल से हटाया

हरियाणा सरकार ने पंचकूला नगर निगम से जुड़े 150 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोटक महिंद्रा बैंक को पैनल लिस्ट से हटा दिया है। वित्त विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागों के प्रमुखों को इसकी सूचना लिखित रूप में भेज दी है। सूचना में लिखा है कि कोटक महिंद्रा बैंक को हरियाणा राज्य में सरकारी कामकाज करने के लिए तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक पैनल से हटा दिया गया है। गुप्ता ने कहा कि अब से कोटक महिंद्रा बैंक के जरिए से कोई भी सरकारी निधि पार्क, जमा, निवेश या लेनदेन नहीं किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक के तत्कालीन मैनेजर पुष्पेंद्र को एसीबी ने कोर्ट में पेश कर 5 दिन का रिमांड पर ले लिया।

पीजीआईएमएस रोहतक में पहली बार दिल, किडनी, लंग्स, लीवर और आंखों को ट्रांसप्लांट के लिए भेजा

**पीजीआई ने तीन बार कोरिडोर बनाकर दिल्ली और गुरुग्राम भेजे अंग**

# पांच बहनों के भाई जूही के बिजेंद्र 7 परिवारों के घर में कर गए उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक में बृहस्पतिवार को इतिहास रचा और दान की मिसाल कायम की। 50 से ज्यादा डॉक्टर्स की टीम ने पहली बार दिल, किडनी, लंग्स, लीवर और आंखों को एक साथ ट्रांसप्लांट करवाने में सफलता पाई। ये सभी अंग भिवानी जिले के गांव जूही कलां के बिजेंद्र के थे, जिसने मरने के बाद सात लोगों को जीवन और दो को आंखों की रोशनी दी। पीजीआई ने पहली बार एक ही दिन में तीन बार स्पेशल ग्रीन कोरिडोर बनाए और अंगों को देश के अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाया। ये अंग चंद मिनटों में दिल्ली के फोर्टिस एस्कोर्ट अस्पताल, आरटीएमएस गुरुग्राम और एम्स दिल्ली भेजे गए। दरअसल भिवानी जिले के गांव जूही कलां का रहने वाला 37 वर्षीय पांच बहनों का भाई बिजेंद्र मजदूरी करता था। 26 मार्च को वह काम के लिए घर से निकला तो भिवानी बस स्टैंड के पास उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसके सिर में गहरी चोट आई और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे पीजीआई रोहतक लेकर आए। यहां इलाज चल रहा था, लेकिन 6 अप्रैल को उसकी हालत बिगड़ी

▶▶ शेष पेज 4 पर



### सुबह 10.30 से 4.30 बजे तक चली प्रक्रिया

पीजीआईएमएस में स्टेट ऑर्गन एंड टिस्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के डॉक्टर्स ने राजबीर से उसके बेटे बिजेंद्र के अंग दान करने की बात कही। पिता ने अंगदान के लिए हां भरने के बाद सोटो ने अपनी रिजनल और नेशनल ऑर्गेनाइजेशन को सूचित किया। अंगों की डिमांड आने के बाद 9 अप्रैल को सुबह पीजीआई के डॉक्टर अंगदान करवाने ट्रॉमा सेंटर में पहुंचे। इसके बाद करीब 10.30 बजे से ऑपरेशन शुरू हुए और शाम करीब 4.30 बजे तक बिजेंद्र के दिल, लीवर, किडनी, लंग्स और आंखों को ऑपरेट करके उन्हें ट्रांसप्लांट के लिए तैयार किया।

### ये असली दान, मैं सलाम करती हूं



एक जीवन की समाप्ति से आठ लोगों को नई जिंदगी मिलना, यह है असली दान। भिवानी जिले के युवक के परिजनों ने बेटे का अंगदान करवा कर हमें सिखाया है कि जीवन में दान की कीमत क्या होती है। अंगदान हमें जीवन के बाद भी जिंदा रखता है।
-आरती राव, स्वास्थ्य मंत्री

### सभी ने सलामी दी



परिजनों ने बेटे का अंगदान करवाकर प्रदेश में अंगदान के प्रति एक अलख जगा दी है। अब प्रदेश में इससे काफी जागरूकता बढ़ेगी। युवक के परिजनों द्वारा उठाए गए इस प्रेरणादायक कार्य के लिए पीजीआई के 21 सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा सलामी दी गई।
-डॉ. एचके अग्रवाल, कुलपति, हेल्थ यूनिवर्सिटी, रोहतक।

**यमुनानगर में हादसा**

## 'छोटू' रिफिल करते समय धमाका, 11 लोग झुलसे

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** पांच किलो के छोटे सिलेंडर में एलपीजी भरते समय बड़ा सिलेंडर फटने से 7 बच्चों और 2 महिलाओं समेत 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी का शरीर 50 से 60 प्रतिशत झुलस गया। एक गर्भवती भी झुलसी हैं, जिसकी हालत नाजुक है। धमाके से घर की दीवारें ढह गईं और लेंटर तक में दरारें आ गईं। घटना सुबह करीब 8 बजे की है, जब घर के अंदर बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरी जा रही थी। बताया जा रहा है कि गैस ट्रांसफर के दौरान अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे पूरे घर में आग फैल गई और वहां मौजूद लोग उसकी चपेट में आ गए। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

> सिलेंडर फटा, 7 बच्चों का 60% शरीर जला, गर्भवती की हालत नाजुक
>
> जोरदार धमाके से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

**खाड़ी युद्ध की ताजा तस्वीर**

## कागज पर युद्ध विराम, ग्राउंड पर भ्रम और मेज पर वार्ता

> ईरान बोला अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा
>
> ट्रम्प की धमकी, समझौते का पालन नहीं किया तो फिर हमले होंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

खाड़ी युद्ध को लेकर ताजा तस्वीर कुछ ऐसी नजर आ रही है। कागज पर युद्धविराम हो रहा है। ग्राउंड पर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वहीं, मेज पर वार्ता हो रही है। जंग में दोनों पक्षों की ओर से बुधवार को 40 दिन बाद युद्ध विराम का ऐलान किया गया था। अमेरिका ने इसे अपनी जीत बताया था। वहीं, ईरान ने दावा किया था कि उसकी शर्तों पर समझौता हुआ है। दूसरी ओर शनिवार को पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता होनी है। ऐसे में लेबनान में इजराइली हमले में 254 लोगों की मौत के बाद युद्धविराम को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन अहम शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरान ने साफ कहा है कि जिस आधार पर बातचीत होनी थी, वहीं, पहले ही टूट चुका है। ऐसे में अब बातचीत या सीजफायर तर्कसंगत नहीं रह गया है। वहीं, ट्रम्प ने कहा है कि अगर समझौते का पालन नहीं हुआ तो फिर हमले किए जाएंगे।

*(पैकेज पेज-8 पर)*

**एशियन चैंपियनशिप में बेटियों ने जीते चार गोल्ड**

# म्हारी छोरियां छोरों से कम नहीं, बहुत आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

म्हारी छोरियां छोरों से कम नहीं। उनसे बहुत आगे हैं। एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में हरियाणा की छोरियां ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक जीतकर इस बात को साबित कर दिया। रोहतक के रूड़की गांव की मीनाक्षी हुडा (48 किलो), भिवानी के गांव बड़ेसरा की प्रीति पवार (54 किलो), भिवानी के धनाना गांव की प्रिया (60 किलो) ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, राजस्थान की अरुंधति चौधरी (70 किलो) में स्वर्ण कब्जाया। भारत मौजूदा एशियाई चैंपियनशिप में महिला वर्ग में 10 पदकों 4 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक) के साथ सबसे सफल राष्ट्र के रूप में उभरा।



**मीनाक्षी** 48 किलो भार वर्ग में मीनाक्षी ने नोमुंडारी एनख-अमगलान को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर स्वर्ण जीता।

**प्रीति** 54 किलो वर्ग में प्रीति पवार ने चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

**प्रिया** 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कोरिया की वॉन उन-ग्योंग को 3-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

**अरुंधती** 70 किलो वर्ग में अरुंधरी ने कजाकिस्तान की बकित सेइडिश को 4-1 से हराकर स्वर्ण जीता।

### 10 महिला मुक्केबाजों ने जीते पदक

जैस्मीन लैंबोरिया ने थाईलैंड की पुनरावी रुएनरोस और अल्फिया पठान ने कजाकिस्तान की दीना इस्लामबेकोवा से 5-0 से हराकर अपने-अपने वर्गों में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। इससे पहले, निकहत ज़रीन (51 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अंकुशिता बोरो (65 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 10 भारतीय महिला मुक्केबाज पदक लेकर घर लौटेंगी।



# विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार, 1028 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक

चंडीगढ़। सरकार ने प्रदेश में विकास कार्यों को और अधिक गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और खरीद प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया। यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हरियाणा निवास में आयोजित हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन, डीएचबीवीएन, पीडब्ल्यूडी, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, डीएमईआर, एफएमडीए, जीएमडीए, सिंचाई विभाग और पीएचईडी सहित 10 से अधिक विभागों की विभिन्न परियोजनाओं पर करीब 1028 करोड़ रुपये खर्च करने की स्वीकृति प्रदान



की गई और बोलीदाताओं से नेगोशिएशन करके करीब 96 करोड़ रुपये की बचत की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। बैठक में वरिष्ठ मंत्रियों सहित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विकास कार्यों को निर्धारित समय में करें पूरा

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे और सभी अधिकारी खर्च की जाने वाली राशि के सदुपयोग पर विशेष ध्यान दें। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में 11 मीटर लंबे पीसीसी पोल, सिंगल फेस और थ्री फेस नेट मीटर तथा 25 केवीए ट्रांसफार्मरों की खरीद प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। इसके अलावा, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 'हर-हित' रिटेल प्रोजेक्ट के तहत पूरक पोषण कार्यक्रम के लिए 29 करोड़ रुपये की कमोडिटी खरीद को मंजूरी दी।

## समाधान शिविरों में डेढ़ लाख शिकायतें मिली 78 प्रतिशत का समाधान : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने वीरवार को ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेशभर में संचालित समाधान शिविरों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़े नागरिकों की शिकायतें सीधे सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। गौरतलब है कि 10 जून 2024 से आरंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत अब तक प्रदेशभर में लगभग डेढ़ लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 78 प्रतिशत शिकायतों का



सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। बैठक में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जिलों के नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## न्यूज डायरी




### लोगों को समय पर मिल रहा सेवाओं का लाभ

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने कहा कि निर्धारित समय अवधि में आमजन तक सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जो कि हम सबके लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने यह बात बृहस्पतिवार को लोक भवन हरियाणा में हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के विमोचन अवसर पर कही। उन्होंने सरकार द्वारा लागू 'ऑटो अपील सिस्टम' की भी सराहना की।

### विभाजन की विभीषिका झेलने वालों की याद में बनेगा राष्ट्रीय स्मारक : मनोहर



चंडीगढ़। देश की आजादी के समय वर्ष 1947 के विभाजन की उस अमानवीय त्रासदी में लाखों लोगों ने अपना घर-बार खोया और अनगिनत जिंदगियां मजहबी उन्माद की भेंट चढ़ गईं। उन बलिदानों और संघर्षों को संजोने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास के गठन की घोषणा की गई है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास का गठन किया गया है। नए न्यास के सेटलर एवं संस्थापक अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव और ट्रस्ट के नव-नियुक्त महामंत्री बोधराज सीकरी ने बताया कि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन रमेश चंद जुनेजा को इस ट्रस्ट का आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

### जल संरक्षण पर सरकार का फोकस : रस्तोगी

चंडीगढ़। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश में दीर्घकालिक जल स्थायित्व के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी 'वॉटर सिक्योर हरियाणा' कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर बृहस्पतिवार यहां वर्ल्ड बैंक एप्रेजल मिशन के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। 5715 करोड़ रुपये की कुल लागत के इस कार्यक्रम में 4,000 करोड़ रुपये का विश्व बैंक ऋण शामिल है। इस पहल का उद्देश्य हरियाणा में कृषि जल उपयोग की दक्षता, विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करना है। छह वर्षों की अवधि में प्रस्तावित यह कार्यक्रम राज्य में जल प्रबंधन प्रणाली को मजबूती देने का एक व्यापक और सुव्यवस्थित प्रयास है।

### बेटी बचाओ से नारी वंदन तकः बदलते भारत की सशक्त कहानी : रेखा शर्मा

चंडीगढ़। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक



ऐतिहासिक मील का पत्थर है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। दशकों तक महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का विषय चर्चा में रहा, लेकिन उसे संवैधानिक स्वरूप देने का साहसिक निर्णय नहीं लिया गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सपना साकार हुआ है।

## 600 करोड़ से अधिक की ठगी के आरोपी पूर्व विधायक को राहत नहीं

# हाईकोर्ट ने कहा, छोक्कर के भागने की आशंका, जमानत याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के समालखा से पूर्व कांग्रेस विधायक एवं महिरा ग्रुप के प्रमोटर धर्म सिंह छोक्कर को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झटका देते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मामले की गंभीरता, भारी वित्तीय गड़बड़ी और आरोपी के आचरण को देखते हुए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की अदालत ने अपने आदेश में प्रवर्तन निदेशालय के इस तर्क को सही ठहराया कि छोक्कर के फरार होने की आशंका है। अदालत ने यह भी माना कि आरोपित जांच के दौरान लगातार समन की अवहेलना करता रहा और उसे गिरफ्तार करने के लिए गैर-जमानती वारंट जारी करने पड़े। मामला गुरुग्राम के सेक्टर-68 स्थित एक अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा है, जिसमें करीब 1500 होमबायर्स से लगभग 363 करोड़ रुपये वसूले गए थे। इन फ्लैट्स का कब्जा वर्ष 2021-22 तक दिया जाना था, लेकिन परियोजना अधूरी ही रही। जांच

■ महिरा ग्रुप के प्रमोटर ने फ्लैट निर्माण के लिए लोगों से पैसे लेकर अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया

**मनी लॉन्ड्रिंग का मामला**



■ मामले की गंभीरता, भारी वित्तीय गड़बड़ी व आरोपी के आचरण को देखते हुए राहत नहीं दी जा सकती

एजेंसी के अनुसार, निर्माण कार्य में राशि लगाने के बजाय धन को विभिन्न कंपनियों के जरिए डायवर्ट किया गया। ईडी ने अदालत को बताया कि इस पूरे प्रकरण में करीब 616 करोड़ रुपये की 'प्रोसीड्स आफ क्राइम' उत्पन्न हुई, जिसे फर्जी लेनदेन, लोन और एडवांस के माध्यम से इधर-उधर घुमाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि इस राशि का उपयोग निजी खर्चों जैसे प्रॉपर्टी खरीद, वाहन, ज्वेलरी और यहां तक कि पारिवारिक शादी समारोहों में किया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिकार्ड से स्पष्ट है कि परियोजना के लिए एकत्रित धन का दुरुपयोग किया गया साथ ही, करीब 56 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद-फरोख्त का भी उल्लेख किया गया, जिसमें पैसे को विभिन्न संस्थाओं में घुमाया गया।

## कर्मचारियों पर बार-बार विभागीय कार्रवाई अवैध, पेंशन और ग्रेच्युटी नहीं रोक सकते

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों को रोकने के लिए देरी की रणनीति अपनाना न केवल अनुचित है बल्कि कानून के भी खिलाफ है। अदालत ने कहा कि बार-बार विभागीय कार्यवाही शुरू कर पेंशन और ग्रेच्युटी रोकना कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि यदि एक कार्यवाही समाप्त हो जाती है और उसके तुरंत बाद दूसरी शुरू कर दी जाती है, तो यह एक सुनियोजित पैटर्न को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य कर्मचारी के वैध अधिकारों को टालना होता है। अदालत ने इसे कानूनी रूप से अस्वीकार्य करार दिया। मामला एक सतीश कुमार नामक कर्मचारी से जुड़ा था, जिसने 1986 में सरकारी सेवा ज्वाइन की थी और 2019 में सेवानिवृत्त हुआ। उसने तीन दशक से अधिक सेवा दी और वरिष्ठ मैकेनिकल इंजीनियर सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। सेवानिवृत्ति के समय राज्य सरकार ने यह कहते हुए उसकी ग्रेच्युटी और पेंशन रोक दी कि उसके खिलाफ वित्तीय नुकसान से जुड़ा शोकाज नोटिस लंबित है।

## हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद ट्रस्ट पर कब्जे की कोशिश, सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में मीरी पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े एक मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार को मौके की स्थिति का आकलन कर विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। यह मामला अदालत के पूर्व आदेशों की कथित अवमानना से जुड़ा है, जिसमें ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग जबरन उसकी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।मामले की सुनवाई जस्टिस निधि गुप्ता की अदालत में हुई। याचिकाकर्ता ट्रस्ट की ओर से दलील दी कि ट्रस्ट एक चैरिटेबल मेडिकल अस्पताल का संचालन करता है।

**मुआवजा खैरात नहीं**

## दिव्यांग बच्ची को देने होंगे 3.61 करोड़ रुपये

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होकर स्थायी रूप से अक्षम हुई एक बच्ची के मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मुआवजे की राशि बढ़ाकर 3.61 करोड़ रुपये कर दी है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुआवजा किसी प्रकार की खैरात नहीं, बल्कि पीड़ित का कानूनी अधिकार है, जिसे न्यायपूर्ण, उचित और मानवीय दृष्टिकोण से तय किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अर्चना पुरी ने 2011 के इस दर्दनाक हादसे में पीड़ित बच्ची की स्थिति को देखते हुए बीमा कंपनी की मुआवजा घटाने की अपील को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही पीड़िता की ओर से दायर याचिका को स्वीकार करते हुए पहले दिए गए 78 लाख रुपये के मुआवजे को बेहद अपर्याप्त करार दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में बच्ची 100 प्रतिशत स्थायी विकलांगता का शिकार हुई है और वह जीवनभर बिस्तर पर ही रहेगी। वह न देख सकती है, न बोल सकती है और न ही किसी भी शारीरिक क्रिया को स्वतंत्र रूप से कर सकती है। उसे भोजन भी पाइप के माध्यम से दिया जाता है।

## लंबी हिरासत और उम्र के आधार पर मिली है रामपाल को जमानत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बहुचर्चित सतलोक आश्रम प्रकरण में आरोपित रामपाल को बड़ी राहत देते हुए नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि आरोपित पिछले 11 वर्षों से अधिक समय से जेल में बंद है और ट्रायल अभी भी प्रारंभिक अवस्था में है, ऐसे में उसे जमानत का लाभ मिलना चाहिए।हाईकोर्ट की खंडपीठ, जिसमें जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल और जस्टिस रमेश कुमारी शामिल थे, ने यह आदेश पारित किया जिसके आदेश की कापी गुरुवार को जारी की गई। अदालत ने कहा कि 75 वर्षीय आरोपी 2014 से जेल में बंद , 425 में से सिर्फ अब तक 58 गवाहों के बयान ही दर्ज हुए है। अदालत ने हिसार की अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा 25 सितंबर 2025 को जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को निरस्त कर दिया। मामले के अनुसार, 18 नवंबर 2014 को बरवाला थाने में दर्ज एफआईआर में आरोप था कि रामपाल ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए सैकड़ों महिलाओं और बच्चों को आश्रम के गेट पर ढाल बना दिया था।

■ 75 वर्षीय आरोपी 2014 से जेल में बंद , 425 में से सिर्फ अब तक 58 गवाहों के बयान दर्ज

## आईएएस के तबादलों में बैंक घोटाले का साया, कई अफसरों पर गाज

चंडीगढ़। हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने बुधवार देर रात 15 आईएएस अफसरों के तबादले और पोस्टिंग कर दी है। तबादलों को आईडीएफसी बैंक घोटाले के साये से जोड़कर देखा जा रहा है, साथ ही सूची के साथ में सरकार की ओर से सख्त संदेश दिया गया है। बैंक फ्राड का मामला सीबीआई के पास चला जाने के साथ ही अफसरों पर शिकंजा कसना भी तय है। कई अहम चेहरों को साइड लाइन कर सख्त संदेश दिया गया है। यहां पर बता दें कि आईडीएफसी बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी गई है। साथ ही तीन वरिष्ठ आईएएस पर सरकार ने गाज गिरा दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त प्रधान सचिव (एपीएस) आईएएस साकेत कुमार को उनके वर्तमान पदों से हटाते हुए साइड लाइन कर अभिलेखागार विभाग की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तरह सीनियर आईएएस. पंकज अग्रवाल हाल ही में राज्यसभा चुनावों में चर्चा में आए थे। साथ ही डीके. बेहरा को महत्वपूर्ण विभागों से बाहर करते हुए साइड लाइन कर दिया गया है। हाल ही में निर्वाचन अधिकारी बने पंकज अग्रवाल के पास भी अहम विभाग रहे हैं। उन्हें भी आर्किटेक्चर विभाग का प्रधान सचिव तैनात किया गया है। डीके. बेहरा को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन का सचिव लगाया गया है। अहम बात यह है कितीनों अफसर का नाम आईडीएफसी. बैंक फ्रॉड मामले में जोड़कर देखे दे रहे हैं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर आने वाले दिनों में मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। सभी अफसर पूर्व में पंचायत विभाग में तैनात रह चुके हैं।

### सहकारिता विभाग के लिंक अधिकारी नामित

चंडीगढ़। सरकार ने सहकारी विभाग में किसी अधिकारी के स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति, अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनावी कार्य के कारण कोई पद रिक्त होने की स्थिति में विभाग का सुचारू कार्य संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से लिंक अधिकारी नामित किए हैं।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशानुसार रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, की अनुपस्थिति में सहकारिता सचिव लिंक अधिकारी-1 जबकि हैफेड के प्रबंध निदेशक लिंक अधिकारी-2 के तौर पर काम करेंगे। हैफेड के प्रबंध निदेशक के मामले में शुगरफेड प्रबंध निदेशक लिंक अधिकारी-1 जबकि एचडीडीसीएफ के प्रबंध निदेशक लिंक अधिकारी-2 होंगे। शुगरफेड प्रबंध निदेशक की अनुपस्थिति में हैफेड के प्रबंध निदेशक लिंक अधिकारी-1 व सहकारिता सचिव लिंक अधिकारी-2 के तौर पर काम करेंगे।

### श्रमिकों की आवाज दबा रही सरकार : राव

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मानेसर में हुए लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जो मजदूर दिन रात मेहनत करके औद्योगिक अर्थवायव्स्था को खड़ा करते हैं । आज वही मजदूर अपने हक की बात करने सड़क पर उतरे और भाजपा सरकार ने उनका जवाब संवाद की बजाय लाठी से दिया जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है ।राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि मानेसर में अपनी जायज़ मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया, जो सरकार की संवेदनहीनता और तानाशाही सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है, जहां जनता की आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग किया जा रहा है। सरकार का ध्यान जनता की समस्याओं के समाधान पर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर केंद्रित है। किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों की सुध नहीं ले रही।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलशन पुत्र सुभाष चंद निवासी 138/24, मेन बाजार, बहादुरगढ़, हरियाणा** ने **FIR No. CC NI Act 137/2017 U/S 279/338 IPC, अन्तर्गत थाना मुंडका, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. CC NI Act 137/2017 U/S 279/338 IPC, अन्तर्गत थाना मुंडका, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुलशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री गौरव सिंगल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06**
**पश्चिम जिला, कक्ष संख्या 355**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4488/OD/2026(Court Matter)**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7468

हमकि (1) पुनीता उर्फ पुनीता दलाल पत्नी विजय कुमार पुत्र जिलेसिहं, निवासी 13, सैक्टर–9 ए., गुरूग्राम, हरियाणा–122001 व (2) जिलेसिहं पुत्र नोबतराम पुत्र हरभज व (3) घोघड़ी पत्नी जिलेसिहं पुत्र नोबतराम, निवासीगण गांव छिछरौली, महेन्द्रगढ़, हरियाणा–123027 व (4) विकास पुत्र सुबेसिहं पुत्र रणधीर सिहं, निवासी गांव मुनीमपुर कुकडौला एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 3834 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 274/234, खाता न0 279, मु0 न0 24, किला न0 1/2(1–10), 2(8–0), 3(8–0), 4/1(6–16), 5/1(6–16), किते 5, तादादी रकबा 31 कनाल 2 मरले का 20/311 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला (जिसमें जिलेसिहं मालिक व काबिज है) व खेवट न0 276/235, खाता न0 281, मु0 न0 24, किला न0 4/2(1–4), 5/2 (1–4), 15/2(2–16), किते 3, तादादी रकबा 5 कनाल 4 मरले का 1/2 भाग, बकदर 2 कनाल 12 मरले (जिसमें पुनीता उर्फ पुनीता दलाल मालिक व काबिज है) व खेवट न0 427मिन/352, खाता न0 439 मिन, मु0 न0 22, किला न0 24/3(2–16), 25/1/3 (1–15), मु0 न0 31, किला न0 5/1(3–16) किते 3, तादादी रकबा 8 कनाल 7 मरले सालम भाग (जिसमें जिलेसिहं 1/2 भाग व घोघड़ी 1/2 भाग) व खेवट न0 427मिन/352, खाता न0 439 मिन, मु0 न0 22, किला न0 25/1/2(1–9) में से मिन मध्य (0–11), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 11 मरले सालम भाग (जिसमें विकास मालिक व काबिज है) व खेवट न0 469/392, खाता न0 489, मु0 न0 17, किला न0 1(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग (जिसमें पुनीता उर्फ पुनीता दलाल मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 21 कनाल 10 मरले (2.6875 एकड़), वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 17, किला न0 1(8–0), मु0 न0 22, किला न0 24/3(2–16), 25/1/2 मिन मध्य (0–11), 25/1/3(1–15), मु0 न0 24, किला न0 2 मिन पूर्व (2–0), 15/2 मिन दक्षिण (2–12), मु0 न0 31, किला न0 5/1 (3–16), किते 7, तादादी रकबा 21 कनाल 10 मरले (2.6875 एकड़), पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 09.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज हिसार | आर्य नगर, हिसार2, जाट समिति में देव बिल्डिंग कार्य को पूरा करना (एमपी) + 29 कार्य। | 08.04.2026 23.04.2026 | 9,54,35,424/- | https://etenders.hry.nic.in | 8397953040 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 2 | उद्योग वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार | हरियाणा में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए ग्राउंडिंग निवेश में सहायता के लिए पीएमयू के तौर पर परामर्शदायी एजेंसी की नियुक्ति। | 13.04.2026 06.05.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9653707000 hepcharyana@gmail.com |
| 3 | लोनिवि (भ व प) चण्डीगढ़ एट पंचकूला | अम्बाला जिले में आरसीएस उडान स्कीम के तहत फ्लाइट ऑपरेशंस के प्रारम्भ हेतु अम्बाला में सिविल एंक्लेव के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास और 1 अन्य। | 10.04.2026 17.04.2026 | 31,23,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज बाढड़ा (चरखी दादरी) | गांव बाढड़ा में जांगड़ा धर्मशाला में एक हॉल का निर्माण कार्य। | 07.04.2026 15.04.2026 | 9,24,430/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | लोनिवि (भ व प) करनाल | गांव नीलोखेड़ी, जिला करनाल में बस स्टैंड का निर्माण (सीसीटीवी का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 09.04.2026 15.04.2026 | 69,40,843/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में मकान नं. 26, ऑफिसर कॉलोनी नं. 3 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 15.04.2026 | 3,68,103/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प) चण्डीगढ़ | सेक्टर–1, चण्डीगढ़ में हरि. सिविल सेक्रेटरियेट में सबसीडियरी ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी), सीआईएसएफ का निर्माण। | 08.04.2026 21.04.2026 | 47,00,863/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-4585654 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2027/140/44568/I/88/6 दि. 09.04.26

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाई.डब्ल्यू.एस. (मेक) डिवीजन, फरीदाबाद के तहत बनारसी पम्प हाउस और कोटला पम्प हाउस में 05 टन क्षमता की 02 अदद छह डायरेक्शनल ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) क्रेन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 08.04.2026 22.04.2026 | रु. 14,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 XENPROC@GMAIL.COM |
| 2 | विकास एवं पंचायत विभाग फतेहाबाद | गांव धाबी कलां से धाबी खुर्द (रोड आईडी एच–943) और धाबी खुर्द से रूपाना जाट्टान (रोड आईडी 946) तक रोड की शिफ्टिंग। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 41,15,018/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464 ZPFTB@HRY.NIC.IN |
| 3 | लोनिवि (भ व प) यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव गुमथला राव में हैल्थ वेलनेस सेंटर की विशेष मरम्मत + 3 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 27,45,991 | https://etenders.hry.nic.in | 732237834 PWD-EEPD-YAMUNANAGAR@HRY.NIC.IN |
| 4 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 5 | लोनिवि (भ व प) हांसी | हांसी जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) 3 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) देपाल धनधेरी रोड से मामनपुरा रोड तक कि.मी. 2.40 से 2.49 में आईपीबी और कि.मी. 0.00 से 2.40 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा (रोड आईडी 5296), (II) कि.मी. 0.00 से 0.284 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा गांव उमरा में देवी मंदिर से रातेरा रोड और कि.मी. 0.284 से 1.15 में सीसीबी को पुनः बिछाना (रोड आईडी 5295) (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (III) कि.मी. 0.00 से 0.45 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान द्वारा डीएचएस (एनएच–10) रोड से ढाणी पीरवाली तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5269) (जीएसटी के बिना)। | 07.04.2026 16.04.2026 | रु. 1,86,28,749 | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 PWD-EEPD-HANSI@HRY.NIC.IN |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (ईएलवी कार्य का प्रावधान केवल)। | 07.04.2026 13.04.2026 | रु. 28,65,858 | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 PWD-EEED-HISSAR@HRY.NIC.IN |
| 7 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में माइक्रोबायोलॉजी और बायो–कैमिस्ट्री विभाग में एक अदद 8 पैसेंजर लिफ्ट का एसआईटीसी + 1 कार्य। | 07.04.2026 14.04.2026 | रु. 33,30,849 | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2265696 PWD-EEED-ROHTAK@HRY.NIC.IN |
| 8 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 9 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 10 | सिंचाई रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 156014 पर एस्केप और दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी तथा झज्जर सब ब्रांच के हैड रेगुलेटर का पुनर्निर्माण/निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.04.2026 | रु. 31,99,26,576 | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 XENSAMPLA@GMAIL.COM |
| 11 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 01 मदों तक अर्थात फुटओवर ब्रिज मदें निहित सूची (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 12 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 13 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 14 | आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :– क्र. सं. 01 से 23 मदों तक मदें निहित सूची (23 मदों का सिंगल लॉट)* | 09.04.2026 08.05.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 SUPPLIES@HRY.NIC.IN |
| 15 | सिंचाई रोहतक | आरडी 0 से 64800 तक जसिया लिंक ड्रेन की आंतरिक सफाई + 14 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.04.2026 | 77,11,964 | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 XENWSDNRTK@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2027/300/44532/I/88/6 दि. 08.04.26

## कुरुक्षेत्र और पिंजौर में दो युवाओं की मौत पर खड़े हुए सवाल

# एनआईटी में 8 दिन के अंदर दूसरे छात्र ने लगाया फंदा

- बीटेक का सिरसा निवासी छात्र 10 दिन से अपने दोस्त के कमरे में सो रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र के हॉस्टल में 8 दिन के अंदर दूसरे छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार रात सिरसा के गांव शेरपुर निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु ने हॉस्टल नंबर-8 के 352 नंबर कमरे में पंखे पर फंदा लगा लिया। वह बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग के तीसरे साल का स्टूडेंट था। घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई। वीरवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि 31 मार्च को जिला नूंह के घासेड़ा गांव के पवन ने इसी हॉस्टल के 452 नंबर कमरे में सुसाइड किया था।

### 5 अप्रैल को घर से आया था वापस



सिरसा जिले के किशनपुरा गांव के आदित्य ने पुलिस को बताया कि वह प्रियांशु को करीब डेढ़ साल से जानता था। मैं एनआईटी में हॉस्टल-7 के 306 में रहता हूं और बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग में दूसरे साल का छात्र हूं। पिछले करीब 10 दिन से मेरा दोस्त प्रियांशु मेरे साथ सो रहा था। पिछले हफ्ते 2 अप्रैल को प्रियांशु अपने घर सिरसा गया था और 5 अप्रैल को वापस आ गया था।

### 8 अप्रैल को पेपर देने गया था, नहीं खाया था खाना


बताया जा रहा है कि 8 अप्रैल को प्रियांशु पेपर देने के लिए गया था। पेपर देने के बाद प्रियांशु मेरे पास कमरे पर आ गया था। उसने रात करीब 8 बजे प्रियांशु को खाना खाने के लिए पूछा तो उसने खाने से मना कर दिया। उसके बाद मैं प्रियांशु को अपने कमरे पर छोड़कर खाना खाने के लिए चला गया था। करीब साढ़े 9 बजे प्रियांशु का उसके पास फोन आया कि मैं तेरे कमरे पर नहीं मिला तो मुझे मेरे रूम में देख लेना। उसके बाद मैं वॉलीबॉल खेलने के लिए चला गया। करीब 11 बजे मैं अपने कमरे पर वापस आया, लेकिन प्रियांशु यहां नहीं था। मैं उसे देखने के लिए उसके कमरे पर चला गया, लेकिन कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी उसने दरवाजा नहीं खोला। उसने साथ वाले कमरे के रोशनदान से झांककर देखा तो प्रियांशु ने सफेद रंग के परने से फंदा लगाया हुआ था। वहीं, थाना केयूके एसएचओ विशाल कुमार ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है। कमरे से कुछ संदिग्ध या सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। परिवार के बयान पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# इंजीनियर की गला कटी लाश मिली

## कमरा अंदर से था बंद, दीवार पर खून से लिखा, 'आई एम अनेबल टू कॉल पुलिस'

**पंचकूला।** पिंजौर की अमरावती एंक्लेव में हैदराबाद निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की उनके ही कमरे में खून से लथपथ गला कटा लाश मिली। कमरा अंदर से बंद था, लेकिन सामान टूटा व बिखरा हुआ था। जब पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे की दो दीवारों पर खून से कई लाइनें लिखी हुई मिलीं, जिसमें से ज्यादातर स्पष्ट नहीं थी। एक लाइन में लिखा है आई एम अनेबल टू कॉल पुलिस। पुलिस प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला मान रही है। मौके से सब्जी काटने वाला चाकू खून से सना मिला है। मृतक इंजीनियर की पहचान हैदराबाद के बंधला ऋषिकेश (26) के रूप में हुई है। 10 दिन पहले ही उन्होंने नौकरी जॉइन की थी। वहीं 4 दिन पहले कमरा किराए पर लिया था।

### कुछ अटपटी लाइनों से उलझा मामला



दीवार पर करीब 6 फीट ऊंचाई तक कुछ मैसेज लिखे गए हैं। पुलिस अधिकारी इन मैसेज को डीकोड करने की कोशिश कर रहे हैं। इंग्लिश में लिखी कुछ लाइनों में लिखा है- जो सब चीजों के बारे में सोचता है, वो वहीं है। उसने अपनी खरीदी गई सब चीजें तोड़ दी, लेकिन तुम केवल मेरे पास आओ। उसने सब कुछ तोड़ दिया, मैं पुलिस को कॉल नहीं कर पा रहा हूं। इस लाइनों का अभी कुछ अर्थ समझ नहीं आ रहा।

## बैलगाड़ी में गेहूं लेकर किसान पहुंचा मंडी, आसानी से कटा गेटपास



**जुलाना।** नई अनाज मंडी में वीरवार को एक किसान ने अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज करवाया। गतौली गांव निवासी किसान नरेश ढांडा गेहूं की फसल ट्रैक्टर ट्राली की बजाय बैलगाड़ी में भरकर ढोल बजवाते हुए मंडी लेकर पहुंचा। मंडी पहुंचने पर नरेश ढांडा को बिना किसी परेशानी के गेट पास जारी कर दिया गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य करना और बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करना किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि पुराने तरीकों जैसे बैलगाड़ी आदि से भी किसान अपना काम आसानी से कर सकता है।

# हड़ताली श्रमिकों पर लाठीचार्ज, 20 घायल

- मानेसर में श्रमिकों ने पुलिस की बाइक फूंकी, गाड़ी के शीशे तोड़े, देर शाम वेतन बढ़ोतरी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के मानेसर में हड़ताल पर डटे कई कंपनियों के हजारों श्रमिकों पर गुरुवार को पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें करीब 20 श्रमिकों को चोटें आईं। गुस्साई भीड़ ने भी पुलिस की बाइक फूंक दी व गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। एक कंपनी पर भी पत्थरबाजी हुई। वहीं, पूरे हंगामे के बाद कंपनियों ने सरकार की ओर से बढ़ाए गए रेट की लिस्ट शाम को चस्पा कर दी। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर में धारा 163 लागू होने के बावजूद वीरवार को हजारों की संख्या में हड़ताली कर्मचारी जुट गए, जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बता दें कि सत्यम, मुंजाल शोवा, रिको और अन्य कंपनियों के कर्मचारी 3 दिन से हड़ताल पर हैं। वे न्यूनतम मजदूरी, ओवरटाइम भुगतान, सुरक्षा और स्थायीकरण जैसी मांगें कर रहे हैं। डीसी अजय कुमार ने बयान जारी कर कहा कि सरकार की तरफ से न्यूनतम वेतन की दरों में वृद्धि की गई है। यह एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि अकुशल श्रमिकों का वेतन 11275 से बढ़कर 15220, अर्द्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12430 से बढ़ कर 16780 रुपये और कुशल श्रमिकों का वेतन 13704 से बढ़कर 18500 रुपये किया गया है। उच्च कुशल श्रमिक का वेतन 14389 से बढ़ कर 19425 रुपये हो जाएगा। यह बढ़ोतरी लगभग 35 प्रतिशत है।



# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, चाचा पक्ष के हमले में भतीजे की हत्या

कासिम खान ▶▶ नूंह

जिले के थाना रोजका मेव क्षेत्र के गांव बड़का अलीमुद्दीन में जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस हिंसक झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 12 नामजद आरोपियों सहित अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आबिद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता की वर्ष 2011 में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में सात भाई-बहन हैं। उनके दादा के नाम करीब दो किला जमीन थी, जिसे उनके ताऊ यूसुफ ने कथित रूप से बहला - फुसलाकर अपने नाम करवा लिया। बाद में कई बार कहने के बावजूद जमीन का हिस्सा वापस नहीं दिया गया, जिससे दोनों पक्षों में रंजिश बढ़ती गई। उन्होंने बताया गया कि 8 अप्रैल की दोपहर करीब 3 से 3:30 बजे के बीच बच्चों के झगड़े को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि यूसुफ अपने परिवार के कई लोगों के साथ आबिद के घर में घुस आया और हमला कर दिया। इस दौरान आमीन के सिर पर फरसे से और लाठियों से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। हमले में तारिफ और आबिद को भी गंभीर चोटें आईं।

## रोडवेज चालक रामफल ने 7 हजार रुपयों से भरा पर्स लौटाया

**पूंडरी।** हिसार से यमुनानगर रूट पर रोडवेज बस चला रहे चालक रामफल को बस में एक यात्री का पर्स मिला, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ उसके मालिक तक पहुंचाकर ईमानदारी का परिचय दिया। नगर पालिका पूंडरी के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चीमा कुरुक्षेत्र से वापस पूंडरी आ रहे थे। इसी दौरान उनका पर्स बस में ही छूट गया, जिसमें करीब 7 हजार रुपये नकद व जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। बस की जांच के दौरान यह पर्स चालक रामफल को मिला। रामफल ने पर्स में मौजूद दस्तावेजों के आधार पर तुरंत देवेंद्र सिंह चीमा से संपर्क किया और उन्हें पर्स लेने के लिए सूचित किया। इसके बाद देवेंद्र सिंह चीमा ने पर्स प्राप्त कर चालक रामफल का आभार जताया।

## कंबाइन में छिपाकर एमपी से लाई गई नशे की खेप पकड़ी

**फतेहाबाद।** पुलिस ने मध्यप्रदेश से पंजाब जा रही एक कंबाइन मशीन को रोककर उसमें छिपाई गई भारी मात्रा में अफीम और डोडा चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपी ड्राइवर ने नशे की खेप को कंबाइन के भीतर लोहे की पाइपों और कचरा निकालने वाली जगह पर बेहद शातिराना तरीके से छिपाया था। एएसआई सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में सीआईए की टीम गुरूवार को नेशनल हाइवे 9 पर गांव धांगड़ के पास गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव फुलेड़ा का रहने वाला बलजीत सिंह अपनी कंबाइन मशीन लेकर मध्यप्रदेश में गेहूं की कटाई करने गया था। वापसी में इनकी जांच की तो 15 किलो 220 ग्राम डोडा चूरापोस्त और 722 ग्राम अफीम बरामद की।

## बलि के लिए परिवार का इंजेक्शन से खून निकाला

# महिला ने तांत्रिक विद्या का झांसा देकर 1.07 करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल में एक महिला ने तांत्रिक विद्या का झांसा देकर एक परिवार से करीब एक करोड़ सात लाख रुपये ठग लिए। कैथल के बुढ़ाखेड़ा गांव के रहने वाले अमनदीप ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सुखबीर सिंह (दिवंगत) को 2-3 साल से सिर दर्द और चक्कर आने की परेशानी थी। इलाज से आराम नहीं मिल रहा था। परिवार में भी कई बार झगड़े होते रहते थे।

इस बीच उन्हें पता चला कि गांव की ही सुमन झाड़-फूंक करती है। सुमन ने बताया कि किसी ने घर में जादू टोना करा रखा है। इसके लिए काली माता के लिए बलि देनी पड़ेगी और बाबा भैरों नाथ का मंदिर बनवाना पड़ेगा।

### जमीन बेची, एफडी तुड़वाई, जेवर दिए

उन्होंने जमीन बेचकर व एफडी तुड़वाकर सुमन को 76 लाख रुपये नकद और 7 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। रुपये मिलने के बाद परिवार को चामुंडा देवी धाम ले गई। यहां उसने इंजेक्शन से सभी का खून निकाला और मंदिर में चढ़ा दिया। सुमन ने हमें कहा कि उसने मंदिर बनाने के लिए जमीन खरीद ली है। जब मंदिर तैयार हो जाएगा तो उसके लिए सोना का छत्र देना होगा। इन क्रियाओं से हमारे परिवार का तो भला हुआ नहीं, सुमन ने जरूर जमीन और नया ट्रैक्टर खरीद लिया। रुपये देने के बाद भी आरोपी महिला ने हमसे 32 तोले चांदी और 6 तोले सोने ज्वेलरी ले ली।

### 100 से अधिक लोगों से चार करोड़ की ठगी, 4 पर केस

थाने में ग्रामीणों ने बताया कि सुमन का पति बलराज, बेटा वंश और उचाना निवासी संजीव मिलकर लोगों को ठगते हैं। काली माता के नाम पर लोगों के बॉडी से खून निकालते हैं। ग्रामीण रमेश ने बताया कि जादू टोना करने के लिए हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, पटियाला और बागड़ जैसी जगह जाकर तांत्रिक क्रिया करते हैं। आरोपियों ने अब तक 100 से अधिक लोगों से करीब 4 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।



# कार चलाने वालों के लिए बड़ा अपडेट, 2027 से बदल जाएंगे प्रदूषण के नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के अंदर पॉल्यूशन की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों ने निकलने वाला धुआं है। दिल्ली जैसे शहर में इसका असर भी साफ दिखाई देता है। जिसे लेकर दिल्ली सरकार द्वारा कई अलग-अलग तरह के प्रयोग भी किए जाते रहे हैं। हालांकि, अब सरकार प्रस्तावित भारत स्टेज सात (बीएस 7) मानकों के तहत व्हीकल से होने वाले प्रदूषण के दायरे को बढ़ाने की तैयारी में है।

- सरकार भारत स्टेज सात के तहत स्टेज सेवन मानकों को बढ़ाने तैयार

ये नए मानक काफी हद तक यूरो सात उत्सर्जन मानकों के अनुरूप हैं, फिर भी इन्हें भारत की ड्राइविंग और ईंधन की स्थितियों के हिसाब से ढाला जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 2027 से कारों, बसों और ट्रकों को सख्त उत्सर्जन नियमों का सामना करना पड़ सकता है।

## प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह गाड़ियों से निकलने वाला धुआं

### बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन शक्ति पर होगा विचार

इसके अलावा, केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की बैटरियों के लिए न्यूनतम सहन-शक्ति की शर्तें अनिवार्य करने की संभावना पर विचार कर रही है। इस कदम का उद्देश्य देश में ईवी को तेजी से अपनाए जाने के बीच उनकी उम्र और प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। अधिकारियों में से एक ने कहा, 'नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल से होने वाले विशिष्ट उत्सर्जन जिन पर पहले ध्यान नहीं दिया जाता था, अब बीएस-7 के तहत और सख्त किया जाएगा। 'नए नियम 1 अप्रैल, 2027 से लागू किए जा सकते हैं।



### ईवी बैटरी और सीएनजी पर भी होगा असर

सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को लेकर भी अब सख्त होने जा रही है। दरअसल, ईवी बैटरियों के लिए न्यूनतम परफॉर्मेंस और लाइफ से जुड़े मानक तय किए जा सकते हैं। इससे बैटरी की क्वालिटी और क्रेडिबिलिटी बढ़ेगी। इससे लोगों का ईवी पर भरोसा मजबूत होगा।

### बीएस 7 में सीएनजी व नेचुरल गैस के वाहन शामिल

दूसरी तरफ, अब तक ज्यादातर नियम पेट्रोल और डीजल गाड़ियों पर केंद्रित थे, लेकिन बीएस 7 में सीएनजी और नेचुरल गैस से चलने वाले व्हीकल पर भी सख्त कंट्रोल रखेंगे। इनसे निकलने वाले उत्सर्जन को भी अब गंभीरता से लिया जाएगा। कुल मिलाकर सभी तरह के व्हीकल के लिए ये नियम सख्ती से पेश आएंगे।

## भुगतान में देरी से थमेगी धोखाधड़ी: आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए बृहस्पतिवार को अधिकृत भुगतान को खाते में देरी से 'क्रेडिट' करने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ डिजिटल भुगतान को रद्द करने का विकल्प भी देने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा, आरबीआई ने गड़बड़ी की मंशा से ही खोले जाने वाले (म्यूल) खातों की समस्या से निपटने में मदद के लिए एक खाते में कुल क्रेडिट को सीमित करने और 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों एवं दिव्यांगों के लिए अधिक मूल्य वाले लेनदेन को प्रमाणित करने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति नामित करने का भी प्रस्ताव रखा। केंद्रीय बैंक ने ग्राहकों को निशाना बनाकर की जा रही धोखाधड़ी की बढ़ती गतिविधियों के बीच बृहस्पतिवार को जारी एक चर्चा पत्र में इन नियमों का प्रस्ताव रखा।

## एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख रहा

# युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता से बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी नुकसान में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 222 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की पर आ गया था। निफ्टी 222.25 अंक टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।

- कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बाजार का माहौल बदला
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने चिंता बढ़ाई
- वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में रही बिकवाली

### कच्चे तेल की कीमतें फिर से बढ़ गई

लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई।

### एलएंडटी में रहा नुकसान, पावरग्रिड लाभ में

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### युद्धविराम को लेकर कम भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, अमेरिकी-ईरान युद्धविराम को लेकर भरोसा कम होने के कारण निवेशकों ने सतर्क रूख अपनाया और घरेलू बाजारों में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया।



### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को उल्लेखनीय तेजी रही थी। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### देश में महंगाई को लेकर बढ़ी चिंता

इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।'' उन्होंने कहा, '' घरेलू स्तर पर, मुनाफावसूली, 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और रुपये की विनिमय दर में गिरावट ने अल्पकालिक जोखिम लेने की प्रवृत्ति को कम कर दिया। पिछले सत्र की जोरदार तेजी के बाद वित्तीय क्षेत्र में गिरावट देखी गई। इसका कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली है।''

### निवेशकों ने की मुनाफावसूली

पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.27 प्रतिशत बढ़कर 97.85 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## चांदी 7,800 रुपये टूटी और सोना 1,500 रुपये कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,800 रुपये घटकर 2.43 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। ऐसा पश्चिम एशिया में युद्धविराम के टिकने को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा की गई मुनाफावसूली के कारण हुआ।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी बुधवार के 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 7,800 रुपये या 3.10 प्रतिशत घटकर 2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये या करीब एक प्रतिशत घटकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



- चांदी की कीमत घटकर 2 .43 लाख रुपये प्रति किलो
- सोना लुढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

IISER TIRUPATI
**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरूपति**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)
**''असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-II'' के पदों के लिए भर्ती**
आईआईएसईआर तिरूपति पूर्णतया अनुबंधात्मक आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-II के पद के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
विस्तृत विज्ञापन हेतु, कृपया पधारें www.iisertirupati.ac.in >>Careers>>Faculty.
ऑनलाइन आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है।
विज्ञा. सं. 27/2026/IISER-T/Rect./09.04.2026
सीबीसी-21377/12/0002/2627 हस्ता/- रजिस्ट्रार

**विज्ञापन संख्या 01/2026**
केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद को भरा जाना
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं), जो कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर-11 एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) का 01 (एक) पद वेतन स्तर-10 भरा जाना है। अधिक जानकारी अर्थात पात्रता मानदंड, योग्यता तथा निबंधन एवं शर्तों के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट www.kvsangathan.nic.in एवं रोजगार समाचार के दिनांक 04 अप्रैल, 2026 के संस्करण मे देखें ।
अपर आयुक्त (प्रशासन)
CBC 21106/12/0001/2627

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ईरान युद्ध की चुनौतियों से निपटने भारत के पास पर्याप्त संसाधन : विश्व बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करने के एक दिन बाद दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक (समृद्धि) सेबेस्टियन एकार्ट ने कहा कि भारत ने गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था ''मजबूत स्थिति'' से डटी है।




## रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 92.63 प्रति डॉलर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बनी नाजुक स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों में सतर्कता बने रहने से बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 92.63 पर आ गया। ईरान एवं इजराइल के बीच तनाव और लेबनान पर हमले जारी रहने से भू-राजनीतिक जोखिम ऊंचा बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.63 के भाव पर खुला। रुपये ने कारोबार के दौरान 92.92 के निचले स्तर और 92.53 के उच्च स्तर को भी छुआ। कारोबार के अंत में यह 92.63 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की कमजोरी दर्शाता है।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-BTI-PrKiosk-78-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 2 | MSS-UMB-UMB-PrKiosk-77-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 3 | MSS-UMB-SAG-PrKiosk-82-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए संगरूर रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 4 | MSS-UMB-SFMU-PrKiosk-80-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए सुनेम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 5 | MSS-UMB-SASN-PrKiosk-81-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (SASN) मोहाली रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 6 | MSS-UMB-LHA-PrKiosk-79-26-1 | 5 वर्षों की अवधि के लिए लेहरागागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर 10'x10' (अर्थात 100 वर्ग फुट) के वर्चुअल ब्रैंड प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 7 | MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-1 | अंबाला मंडल के सुनाम ऊधम सिंह वाला (SFMU) रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 12'x8' अर्थात 96 वर्ग फुट के लिए फूड वैन की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध तीन वर्षों की अवधि के लिए (साइट योजना के अनुसार)। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 8 | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-1 | अंबाला मंडल के धुरी (DUI) रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 12'x8' अर्थात 96 वर्ग फुट के लिए फूड वैन की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध तीन वर्षों की अवधि के लिए (साइट योजना के अनुसार)। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |
| 9 | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-1 | अंबाला मंडल के लेहरा गागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 12'x8' अर्थात 96 वर्ग फुट के लिए फूड वैन की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध तीन वर्षों की अवधि के लिए (साइट योजना के अनुसार)। | 23.04.2026 12:00:00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1181/26

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पांच बहनों...**

और ब्रेन डेड हो गया। डॉक्टर्स ने कमेटी बनाई 7 अप्रैल को ब्रेन टेस्ट किया गया। इसके बाद 8 अप्रैल को फिर जांच हुई और कन्फर्म हो गया कि बिजेंद्र का ब्रेन डेड हो चुका है। फिर शुरू हुई अंगदान करवाने की प्रक्रिया।


**45 मिनट में रोहतक से दिल्ली और गुरुग्राम :** हेल्थ यूनिवर्सिटी ने पुलिस को ग्रीन कोरिडोर बनाने की बात कही। पुलिस के करीब 100 से ज्यादा जवान सुबह 9 बजे ही पीजीआई पहुंच गए थे। रोहतक से दिल्ली और गुरुग्राम तक तीन ग्रीन कोरिडोर बनाए गए। पुलिस के जवान पीजीआईएम के ट्रॉमा सेंटर से लेकर दिल्ली और ग्ररुग्राम तक एंबुलेंस के साथ गए। हर अंग को दिल्ली और गुरुग्राम के अस्पतालों तक पहुंचाने में करीब 45-50 मिनट ही लगे।

**मेरे बेटे के अंग किसी के तो काम आए :** मेरे बेटे को डॉक्टर्स ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। बेटे की मौत का गम असहनीय है लेकिन उसके पांच अंगों को दान करके थोड़ा सुकून का बहसास कर रहा हूं। मेरे बेटे के अंग अगर 7 लोगों की जिंदगी बचाते हैं तो इससे बड़ी मेरे लिए कोई बात नहीं हो सकती। **- राजबीर,** बिजेंद्र के पिता

## हुंडई क्रेटा का नया एडिशन लांच

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हुंडई ने क्रेटा का नया एडिशन लांच किया है। कंपनी ने क्रेटा का समर एडिशन लांच किया है, जो चुनिंदा ट्रिम में एडिशनल फीचर्स को ऑफर करता है। मिड साइज कैटेगरी में ये कार सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल्स में से एक है। कार के नए एडिशन में आपको कम बजट में प्रीमियम फीचर्स मिलेंगे। क्रेटा समर एडिशन की कीमत 12.05 लाख रुपए एक्स शोरूम से शुरू होती है। ये वेरिएंट सिर्फ 1.5 लीटर पेट्रोल और डीजल इंजन में मिलेगा। इसमें आपको 1.5 लीटर का टर्बो पेट्रोल इंजन वेरिएंट नहीं मिलेगा। हुंडई क्रेटा समर एडिशन की कीमत 12.05 लाख रुपए एक्स शोरूम से शुरू होती है। इसका टॉप वेरिएंट 17.89 लाख रुपए का है। आप कौन-सा मॉडल पसंद करते है, उसके आधार पर इसकी कीमत स्टैंडर्ड वेरिएंट से अलग होगी।

## शब्द पहेली - 6191




**बाएँ से दाए**
1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्रता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 6190 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | व | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | वा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | र्मो | प | दे | श | क |



## खबर संक्षेप

### सुनेत्रा पवार की निर्विरोध जीत तय



**बारामती।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि उनकी पार्टी बारामती विधानसभा सीट से उपचुनाव नहीं लड़ेगी, जहां से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार अपने पति अजित पवार के मृत्यु के बाद चुनाव मैदान में हैं। चेन्निथला ने कहा कांग्रेस की राज्य इकाई को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्देश दिया है।

### कंपनी में यौन उत्पीड़न प्रमुख समेत 6 अरेस्ट



**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक मल्टी-नेशनल कंपनी में महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद टीम लीडर सहित 6लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पीड़न पिछले चार वर्षों से लगातार जारी था। यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के 9 मामले दर्ज किए हैं।

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सेंस अपनाएं



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि अब समय आ गया है कि देश के लोग सिविक सेंस अपनाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। भारतीयों को विकसित देशों से सीख लेनी चाहिए कि सड़क पर कैसे चलना चाहिए और गाड़ी कैसे चलानी चाहिए? यह टिप्पणी जस्टिस जितेंद्र जैन ने की।

हल्दिया में पीएम मोदी का टीएमसी पर वार

# बंगाल को मछली भी नहीं दे पा रहीं ममता

एजेंसी ▶▶| हल्दिया

पीएम मोदी ने हल्दिया में चुनावी जनसभा में ममता सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी अब बंगाल को मछली भी नहीं दे पा रही है, यहां मछली का उत्पादन घटा है, जबकि जबकि बिहार में मछली का उत्पादन दोगुना हुआ है क्यों कि भाजपा ने मछुआरों के लिए बहुत काम किया है। मोदी ने कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार में सिर्फ और सिर्फ घुसपैठियों की फैक्ट्री फली-फुली है। टीएमसी की राजनीति भय पर आधारित है। उनकी राजनीति का एक ही केंद्र भय है।



### तृणमूल को हटाने की अपील की

- पीएम बोले-विकसित बंगाल बनाने के लिए यह जरूरी है कि पार्टी की 'निर्मम सरकार' को सत्ता से हटाया जाए
- तृणमूल कांग्रेस की सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप मछली उत्पादन करने में विफल रही
- जनता को आश्वासन दिया कि भाजपा राज्य को मत्स्य पालन और समुद्री खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी।

### बंगाल विधानसभा चुनाव में 'मछली' बड़ा मुद्दा

*बता दें कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में मछली को लेकर बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है। एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भारतीय जनता पार्टी को बंगाली विरोधी पार्टी बताने में जुटी है, वह कह रही है कि अगर भाजपा जीती को मास-मछली खाने पर रोक लगा देगी। वहीं भाजपा ने जवाब देने के लिए जवाब में एक 'मछली प्रेम' वाली रणनीति अपनाई है।*

ममता ने भाजपा पर लगाया आरोप

# सत्ता के लिए 90 लाख से अधिक के नाम काटे

भाषा ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी।



### बांग्ला भाषी लोगों को विदेशी बता रहे

- भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को विदेशी बताया जा रहा है और उन्हें घुसपैठिया कहा जा रहा है
- मतदाताओं से अपील चुनाव में भागीदारी ही पश्चिम बंगाल के लोगों के अधिकारों व पहचान की रक्षा करेगी
- ममता बोलीं-भाजपा परिसीमन विधेयक से पश्चिम बंगाल को तीन हिस्सों में बांटने की कोशिश कर रही

### 'हुमायूं कबीर-भाजपा में 1000 करोड़ की डील'

*गाल की सियासत में हलचल मच गई है। टीएमसीने हुमायूं कबीर से जुड़ा एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो जारी किया है। पार्टी का दावा है कि इस वीडियो में कबीर और बीजेपी के बड़े नेताओं के बीच करोड़ों रुपये की डील की बातचीत सामने आई है। टीएमसी ने इस मामले की जांच की मांग उठाई है। टीएमसी के मुताबिक, जारी किए गए वीडियो में हुमायूं कबीर कथित तौर पर 1000 करोड़ रुपये की डील की बात करते नजर आ रहे हैं।*

## मेडिकल छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

# 4.5 साल की ही फीस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल मेडिकल कमीशन ने देशभर के मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों को सख्त निर्देश दिया है कि एमबीबीएस की फीस केवल पढ़ाई की तय अवधि के लिए ही ली जाए। इंटर्नशिप के एक साल की अवधि के लिए फीस लेना नियम के खिलाफ माना जाएगा। आयोग के पास कई शिकायतें पहुंचीं कि कुछ मेडिकल कॉलेज पूरे 5 या 5.5 साल के कोर्स के नाम पर छात्रों से फीस वसूल रहे हैं। इसमें वह एक साल की अनिवार्य इंटर्नशिप भी जोड़ देते हैं, जबकि उस समय कक्षा में पढ़ाई नहीं होती. इसी पर रोक लगाने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। नियमों के अनुसार एमबीबीएस कोर्स की शैक्षणिक अवधि 4.5 साल यानी 54 महीने की होती है। इसके बाद एक साल की अनिवार्य रोटेटिंग मेडिकल इंटर्नशिप (सीआरएमआई) होती है। यह प्रशिक्षण का समय है, पढ़ाई का नहीं। इसलिए इस अवधि को फीस में शामिल करना सही नहीं है।

*मेडिकल कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों को आदेश*

### जहां पढ़ाई नहीं, वहां फीस भी नहीं: आयोग



आयोग ने साफ कहा है कि जहां पढ़ाई नहीं, वहां फीस भी नहीं छात्रों से वही शुल्क लिया जाए, जो उन्हें पढ़ाई, लैब, कक्षा और शिक्षण सुविधाओं के बदले में देना होता है। इंटर्नशिप के दौरान छात्र अस्पताल में प्रशिक्षण लेते हैं, मरीजों के साथ काम सीखते हैं, लेकिन यह कक्षा आधारित शिक्षा का हिस्सा नहीं है। तय शैक्षणिक समय से अधिक फीस लेना ऐसे है जैसे बिना पढ़ाई के पैसे लेना।

### होगी सख्त कार्रवाई

एनएमसी ने अपने आदेश में लिखा है कि सभी मेडिकल कॉलेज इस नियम का पालन करें और अपने फीस ढांचे को तुरंत ठीक करें। किसी भी कॉलेज ने अगर इंटर्नशिप के नाम पर अतिरिक्त फीस ली, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## केदारनाथ-यमुनोत्री और बदरीनाथ से औली तक बर्फ




### 19 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**देहरादून।** बीते दो दिन केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। उधर, बदरीनाथ से औली तक क्षेत्र बर्फ से ढका है। इसका सीधा असर आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों पर पड़ रहा है। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

# मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा: सुको

**सबरीमला मंदिर केस**

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं को निचले स्तर पर रखा गया। सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा को लेकर व्यापक सवाल उठाए गए हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है। जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं।

**केंद्र बोला** धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील अदालतों का दखल ठीक नहीं

### 6 वर्ष के बच्चे का ही आधार बने, सुको में याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि भारत में आधार बनवाने की प्रक्रिया केवल छह साल तक के बच्चों तक ही सीमित हो। उनका कहना है कि अब बड़ों का आधार बनाने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि भारत में पहले ही 144 करोड़ यानी 99 प्रतिशत लोगों के आधार बन चुके हैं। याचिका में यह भी बताया गया है कि अब जो बड़ों का आधार बन रहा है, उसका फायदा कुछ विदेशी लोग उठा रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और रोहिंग्या घुसपैठिए सीएससी पर जाकर पैसे देकर फर्जी आधार बनवा रहे हैं। इसके चलते देश में फर्जी दस्तावेजों की संख्या बढ़ रही है।


## कार्यालय नगरपालिका सिवानी।

**सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) वस्तुओं के उत्पादन, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री व उपयोग की रोकथाम हेतु सार्वजनिक सूचना।**

हरियाणा सरकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग अधिसूचना संख्या-08/20/2021-1 सीता- दिनांक 25 फरवरी, 2022 जारी की गई थी। जिसमें निर्धारित सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) वस्तुओं के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण बिक्री और उपयोग को 01 जुलाई-2022 से निषेध किया गया है।

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेण्ट नियम, 2016 (संशोधित अनुसार) के नियम 4 (2) के अनुसार निम्नलिखित सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) के साथ पॉलिस्ट्रीन और एक्सपैंडेड पॉलिस्ट्रीन, उपभोज्य निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण बिक्री और उपयोग को 01 जुलाई, 2022 से निषेध किया गया है।

(ए) प्लास्टिक स्टीक वाले इयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक स्टीक, प्लास्टिक के डांडे, कैंडी स्टीक, आईस्क्रीम स्टीक, पॉलिस्ट्रीन (थर्मोकोल) सजावट के लिए, गुटखा, तम्बाकू और पान मसाला के भण्डारण, पैकिंग या बिकी हेतु प्लास्टिक सामग्री युक्त रैशे का उपयोग।

(बी) प्लेट, कप, ग्लास, क्टलेरी जैसे फौर्क, स्पूनस, चाकू, स्ट्रो, ट्रे, रैपिंग या पैकिंग फिल्म, मीठाई के डिब्बों के चारों ओर, इन्विटेशन कार्ड और सिगरेट पॉकिट, प्लास्टिक या PVC बैनर 100 माईकोन से कम, स्टीरर्स। PWM Rule-2016 (संशोधित अनुसार) के नियम 4 (1) (C) के अनुसार विशुद्ध या नविनीकृत प्लास्टिक जो 30 सितम्बर, 2021 से मोटाई में 75 माईकोन से कम नहीं होना चाहिए और 31 दिसम्बर, 2022 से मोटाई में एक सौबीस (120) से कम नहीं होना चाहिए।

यह सूचना सभी उत्पादकों, स्टॉकिस्ट, रिटेलर, शॉपकिपर, ई-कामर्स कंपनी, स्ट्रीटवेंडर, वाणिज्य स्थापना (माल/सार्किट प्लेस/शापिंग सेन्टर / सिनेमा हाउस/पयर्टन स्थल / स्कूल/कॉलेज/ऑफिस कम्लैक्स/अस्पताल व अन्य संस्थान) और सामान्य जनता को उपरोक्त MoF&CC अधिसूचना में निर्धारित समय सीमा के अनुसार निर्धारित SUP वस्तुओं के उत्पादन, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग को रोकने के लिए जारी की जा रही है। आगे 30 जून, 2022 तक उपरोक्त SUP वस्तुओं की जीरों इन्वेंटरी सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित संस्थान द्वारा अनिवार्य कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त नियमों की उल्लंघना पर निम्नानुसार जुर्माना लगाया जाएगा :-

| क्रम संख्या | कैरी बैग की निषिद्ध किस्म की गुणवत्ता | राशि रूपए में |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | 100 ग्राम तक | 500/- |
| 2 | 101 से 500 ग्राम तक | 1500/- |
| 3 | 501 ग्राम से 1 किलो तक | 3000/- |
| 4 | एक किलोग्राम से अधिक पांच किलोग्राम तक | 10000/- |
| 5 | पांच किलोग्राम से अधिक दस किलोग्राम तक | 20000/- |
| 6 | दस किलोग्राम से अधिक | 25000/- |

सचिव
नगरपालिका सिवानी।


## लोधी गार्डन 90 वर्ष का हुआ



**नई दिल्ली (भाषा)।** सदियों पुराने मकबरों, दुर्लभ पौधों और पक्षियों की प्रजातियों का घर लोधी गार्डन बृहस्पतिवार को 90 वर्ष का हो गया। राष्ट्रीय राजधानी के मध्य स्थित इस उद्यान को नौ अप्रैल 1936 को 'लेडी विलिंगडन पार्क' के नाम से शुरू किया गया था, जिसका नाम उस समय के वायसराय की पत्नी के नाम पर रखा गया था। करीब 90 एकड़ में फैला यह हरित क्षेत्र लोधी एस्टेट और खान मार्केट के बीच स्थित है तथा शहर के फेफड़े की तरह काम करता है और सुबह-शाम की सैर, जॉगिंग तथा शांत वातावरण में समय बिताने के लिए लोगों की पसंदीदा जगहों में एक है।

## अमरनाथ यात्रा: 15 से पंजीकरण

**जम्मू(भाषा)।** अमरनाथ की वार्षिक यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण देशभर में 554 बैंक शाखाओं में 15 अप्रैल से शुरू होगा और तीर्थयात्रियों के वास्ते श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने एक विस्तृत चरणबद्ध प्रक्रिया अपनाई है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा का पंजीकरण और परमिट जारी किया जाना 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा जो प्रत्येक निर्दिष्ट बैंक शाखा में, तीर्थयात्रा के हर मार्ग के लिए तय दैनिक कोटे के अधीन होगा। दिशानिर्देशों के अनुसार, केवल 13 से 70 वर्ष की आयु के तीर्थयात्री ही पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। वहीं, छह सप्ताह से अधिक की गर्भवती महिलाओं को तीर्थयात्रा की अनुमति नहीं होगी, भले ही उनके पास अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र हो। इसमें कहा गया है कि 2026 की यात्रा के लिए, पंजीकरण आधार-आधारित बायोमेट्रिक 'ई-केवाईसी' सत्यापन के जरिए किया जाएगा, और परमिट श्राइन बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल के जरिए ऑनलाइन जारी किए जाएंगे।

## बिहार में विधान परिषद चुनावों की तैयारी

### नीतीश आज राज्यसभा की सदस्यता लेंगे



- 11 सीटों पर इंडिया व एनडीए की जंग होगी
- बिहार में 14-15 अप्रैल से होगा भाजपा का मुख्यमंत्री, गांधी मैदान में तैयारियां शुरू

**पटना।** बिहार में राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया के बाद अब विधान परिषद चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार की 5 सीटों के लिए चुनाव हुए, जिसका शुक्रवार को नए सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी आज शपथ ग्रहण करेंगे।

जून में बिहार में 9 सीटों के लिए चुनाव होने हैं, तो दो उपचुनाव भी होंगे। एमएलसी चुनाव को लेकर टिकट पाने वालों की भीड़ पार्टी कार्यालयों पर उमड़ने लगी है। शुक्रवार को भाजपा के कोर ग्रुप की दिल्ली में बैठक है। इसमें भाजपा के सीएम के नाम पर सहमति बनाई जा सकती है। 14 या 15 को भाजपा के सीएम के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान खाली रखने कह दिया गया है।

## बिहार में सीने पर बैठकर सिर काटा

### भीड़ ने आरोपी को भी जमकर पीटा, मौत



- भीड़ ने सड़क पर आगजनी व तोड़फोड़ भी की

**पटना।** बिहार के अररिया जिले में बृहस्पतिवार को मामूली कहासुनी ने भयावह रूप ले लिया, जब एक सत्तू विक्रेता ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर पिकअप वैन चालक का सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुल्तान पोखर क्षेत्र निवासी सत्तू विक्रेता रवि चौहान (30) और जोगबनी थाना क्षेत्र के अमोना गांव निवासी पिकअप चालक अली हुसैन (42) के बीच विवाद हो गया। उसने बताया कि हुसैन ने अपना वाहन चौहान के ठेले के सामने खड़ा कर दिया था, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। फारबिसगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मुकेश साह ने बताया कि'चौहान ने पहले हुसैन के पेट पर चाकू से वार किया और फिर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। घटना के बाद वह कुछ देर तक मौके पर ही खड़ा रहा।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का 14 को मोदी करेंगे उद्घाटन

# 2.5 घंटे में दिल्ली से पहुंचें देहरादून

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून और देश की राजधानी दिल्ली के बीच की दूरियां अब खत्म होने वाली हैं। चौड़ा मार्ग और बेहतरीन कनेक्टिविटी होने से अब लोग दिल्ली से देहरादून का सफर केवल 2.5 घंटे में पूरा कर सकेंगे।

इससे उन व्यापारियों को भी बड़ी राहत मिलेगी जो रोजाना सामान लेकर दिल्ली से देहरादून आते-जाते हैं। आप भी ऊबड़-खाबड़ रास्तों और घंटों लंबे जाम से परेशान थे, तो आपके लिए अच्छी खबर है। 14 अप्रैल का दिन उत्तराखंड के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी बहुप्रतीक्षित 'दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे' का उद्घाटन कर देशवासियों को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। यह सफर न सिर्फ कम समय में पूरा होगा, बल्कि चारों तरफ की हरियाली और स्मूथ सड़कें आपकी यात्रा को बेहद यादगार बना देंगी।

### पहले 6 घंटे लगते थे, 100 किमी की होगी रफ्तार

### रफ्तार पर रहेगी पैनी नजर, कटेगा ऑनलाइन चालान



सफर को सुरक्षित बनाने के लिए इस एक्सप्रेसवे पर अधिकतम रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। सुरक्षा के लिए यहां आईटीएमएस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे ट्रैफिक की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। अगर किसी ने भी तय सीमा से ज्यादा रफ्तार में गाड़ी चलाई, तो उसका तुरंत ऑनलाइन चालान कट जाएगा।

### सबसे बड़ा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर

इस एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खूबी इसका डिजाइन है। इसे पूरी तरह से यूरोपीय देशों की तर्ज पर तैयार किया गया है। यहां का नजारा आपको नॉर्वे जैसे खूबसूरत देशों की याद दिलाएगा। वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां एक 'ग्रीनफील्ड कॉरिडोर' बनाया गया है, जिसे एशिया का सबसे बड़ा कॉरिडोर माना जा रहा है। इसमें 12 किलोमीटर लंबा एक ऊंचा (एलिवेटेड) रास्ता बनाया गया है, ताकि नीचे से जंगल के जानवर बिना किसी खतरे के गुजर सकें। वन्यजीवों के आने-जाने के लिए खास अंडरपास भी तैयार किए गए हैं, जिससे इंसानों और जानवरों के बीच होने वाले हादसों पर लगाम लगेगी।

### पानी बचाने का अनोखा सिस्टम

यह एक्सप्रेसवे सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि जल संरक्षण का भी एक बड़ा मॉडल है। यहां हर 500 मीटर की दूरी पर बारिश के पानी को सहेजने के लिए सिस्टम लगाए गए हैं। जगह-जगह वाटर रिचार्ज पॉइंट्स बनाए गए हैं, जो जमीन के नीचे जल स्तर को बढ़ाने में मदद करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध डाट काली मंदिर टनल पहुंचेंगे। यहां माता के दर्शन करने और भोग लगाने के बाद, वे इसी एक्सप्रेसवे से 18 किलोमीटर का सफर तय कर देहरादून के जसवंत ग्राउंड पहुंचेंगे।


## भारतीय सेना / INDIAN ARMY

**पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन**

**SHORT SERVICE COMMISSION IN REMOUNT & VETERINARY CORPS**

1. भारतीय सेना के पशु चिकित्सा कोर में 95वां अल्प सेवा कमीशन कोर्स हेतु पुरुष और महिला पशु चिकित्सा जातकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन कृपया वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे और आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित अवधि तक होगी:-

2.1. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (महिला) - **15 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026**

2.2. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (पुरुष) - **17 अप्रैल 2026 से 18 मई 2026**

यदि कोई पूछताछ करनी हो तो, महानिदेशालय पशुचिकित्सा सेवाएं, क्वार्टरमास्टर जनरल शाखा, एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (थल सेना), पश्चिमी खण्ड-3, आर के पुरम, नई दिल्ली 110066 से लिखित अथवा ई मेल आई डी: persvet-1779@nic.in में संपर्क किया जा सकता है।

1. Applications are invited from male and female veterinary graduates for 95th Short Service Commission Course in Remount & Veterinary Corps of the INDIAN ARMY.
2. For Detailed notification please visit www.joinindianarmy.nic.in. Applications will only be accepted via online mode and will remain open as under:

2.1. SSC (RVC) Course (Women) - **15 Apr 2026 to 15 May 2026**

2.2. SSC (RVC) Course (Men) - **17 Apr 2026 to 18 May 2026**

Queries if any be sought from Dte Gen RVS, QMG Branch, IHQ of MoD (Army), West Block-3, RK Puram, New Delhi-110 066 in writing OR through E-mail ID: **persvet-1779@nic.in**

नोट:-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note:-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0001/2627

## चिंतन

# महिला आरक्षण : कठिन है डगर मंजिल की

देश की राजनीति में लंबे समय से अटका महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को मंजूरी देने के साथ ही यह उम्मीद जगी है कि भारतीय लोकतंत्र अब आधी आबादी को उसका वाजिब हक देने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना और उनमें 33 प्रतिशत यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना निश्चित रूप से ऐतिहासिक पहल कही जा सकती है, लेकिन इसके साथ ही इसके क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत उतनी ही जटिल और चुनौतीपूर्ण नजर आती है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह आरक्षण व्यवहार में कैसे लागू होगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि किन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा और यह प्रक्रिया किन मानकों के आधार पर तय होगी। 'वर्टिकल' आरक्षण का मतलब है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कोटे के भीतर भी महिलाओं को हिस्सा मिलेगा, जो सामाजिक न्याय के लिहाज से उचित है, लेकिन सीटों के चयन की प्रक्रिया राजनीतिक विवाद का सबसे बड़ा कारण बन सकती है। हर राजनीतिक दल अपने मजबूत गढ़ को बचाने की कोशिश करेगा और यहीं से टकराव की शुरुआत होगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों के प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और परिसीमन (डिलिमिटेशन) के बाद जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण होगा। इससे छोटे और कम आबादी वाले राज्यों को यह आशंका सताने लगी है कि उनका राजनीतिक वजन घट सकता है। वहीं, बड़े राज्यों में भी आंतरिक असंतोष उभर सकता है, क्योंकि कई मौजूदा सांसदों की सीटें आरक्षित हो जाएंगी। ऐसे में राजनीतिक समीकरणों का संतुलन बिगड़ना तय है। हालांकि, दिलचस्प यह है कि कोई भी राजनीतिक दल खुले तौर पर इस बिल का विरोध करने की स्थिति में नहीं है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विरोध करना राजनीतिक आत्मघात जैसा होगा, लेकिन भारतीय राजनीति के अनुभव बताते हैं कि सहमति के पीछे भी असहमति के रास्ते खोज लिए जाते हैं। यह आशंका निराधार नहीं है कि सीटों के बंटवारे, परिसीमन और लागू करने की समयसीमा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से अड़ंगे डाल सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण चिंता 'प्रॉक्सी राजनीति' की है। पंचायती राज संस्थाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का अनुभव मिश्रित रहा है। कई जगहों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या परिवार के पुरुष सदस्य ही सत्ता का संचालन करते दिखाई दिए। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संसद और विधानसभाओं में भी 'सांसद पति' या 'विधायक पति' जैसी प्रवृत्ति देखने को मिलेगी? देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। यह पीढ़ी वास्तविक नेतृत्व की क्षमता रखती है। यदि सही प्रशिक्षण, अवसर और सामाजिक समर्थन मिला, तो यह बदलाव भारतीय राजनीति का चेहरा बदल सकता है। आखिरकार मंजिल भले ही सामने दिख रही हो, लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं है। यह यात्रा धैर्य, संवाद और दूरदृष्टि की मांग करती है। यदि इन चुनौतियों को सही तरीके से पार किया गया, तो यह कानून भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकता है। वरना यह एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।



स्थापना दिवस
ओ.पी. चौधरी

# भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव

6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है।

भारत की राजनीतिक यात्रा में कुछ ऐसे पड़ाव आते हैं, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि विचार और दिशा परिवर्तन के प्रतीक होते हैं। 6 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस, केवल एक पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवादी विचारधारा का उत्सव है जिसने राष्ट्र प्रथम को राजनीति का केंद्र बनाया। यह यात्रा 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक शक्ति भारतीय जनता पार्टी तक पहुंचती है। स्वतंत्रता के तुरंत बाद का भारत घावों से भरा था-विभाजन की पीड़ा, विस्थापितों का दर्द और राजनीतिक अनिश्चितता का अंधेरा। उस समय की सत्ताधारी कांग्रेस ने राष्ट्र प्रथम के स्थान पर तुष्टिकरण और एक परिवार की सत्ता को प्राथमिकता दी।

सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लौहपुरुष जिन्हें पूर्ण बहुमत प्राप्त था, की उपेक्षा इस अलोकतांत्रिक मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण था। जब राष्ट्रवादी विचारों के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं बचा, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ के रूप में एक ऐसा मंच खड़ा किया जो जाति, पंथ और क्षेत्र से ऊपर उठकर केवल भारत माता की सेवा का व्रत लेता था। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने 23 जून 1953 को अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वह बलिदान व्यर्थ नहीं गया, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस अधूरे सपने को पूरा किया और एक संस्थापक की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। श्यामा प्रसाद के बलिदान के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 1951 से 1967 तक महासचिव के रूप में पार्टी को वैचारिक और संगठनात्मक मजबूती दी। उनका 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' का दर्शन-अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति को प्रथम पंक्ति में लाना - जनसंघ की आत्मा बन गया। 1967 के कालीकट अधिवेशन में अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा था कि हम किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के सेवक हैं - हर देशवासी हमारे रक्त का अंश है। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय में उनकी निर्मम हत्या ने देश को एक अनमोल विचारक से वंचित कर दिया। 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सत्ता जैसे-जैसे केंद्रीकृत और निरंकुश होती गई, जनसंघ ने जन-आंदोलन का नेतृत्व संभाला। 25 जून 1975 की वह काली रात जब देश पर आपातकाल थोपा गया - वह तानाशाही की चरम परिणति थी। जनसंघ के सभी शीर्ष नेता गिरफ्तार कर लिए गए। हजारों कार्यकर्ताओं को अमानवीय यातनाओं के बीच जेल की सलाखों के पीछे ठूंस दिया गया। जब सच बोलना अपराध बन गया था, तब जनसंघ और संघ के स्वयंसेवक भूमिगत रहकर देश का सबसे बड़ा सत्याग्रह चला रहे थे। यही वह कसौटी थी जिसने सिद्ध किया कि यह दल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सत्य और राष्ट्र के लिए जीता है।

दो वर्षों के उस अंधकार के बाद, जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर जनसंघ ने अपने अस्तित्व को देश-हित में जनता पार्टी में विलीन कर दिया। 1977 में देश को पहली गैर-कांग्रेसी सरकार मिली। अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र के उस मंच




पर हिंदी में भाषण देकर उन्होंने पूरे विश्व को चौंका दिया, यह भी राष्ट्रगौरव का एक पाठ था। उस दौर में, जब कांग्रेस हिंदू आस्था और परंपराओं का उपहास करती थी, तब पालमपुर अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी ने राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को अपने संकल्प के रूप में स्वीकार किया। यह किसी चुनावी रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की गहरी आस्था और श्रद्धा का सम्मान था। इसी बीच, शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस द्वारा रातों-रात कानून बदलना तुष्टिकरण की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण बना, जबकि भाजपा निरंतर सनातन चेतना के पुनर्जागरण और सांस्कृतिक स्वाभिमान की सशक्त आवाज़ बनकर उभरती रही। 1996 में अटल जी देश के प्रधानमंत्री बने। भले ही वह सरकार 13 दिन में गिर गई, लेकिन 1998 में एनडीए की पूर्ण सरकार बनी और देश ने एक नई राजनीति देखी। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबावों की परवाह किए बिना पोखरण परमाणु परीक्षण हुआ। दीनदयाल के अंत्योदय को धरातल पर उतारा गया। उस दौर में जब नौ वर्षों में आठ प्रधानमंत्री बदल चुके थे, अटल जी ने स्थिर सुशासन की राजनीति की नींव रखी। 2004 से 2014 तक देश ने देखा कि जब राष्ट्र के बजाय परिवार को प्राथमिकता दी जाती है तो क्या होता है। 2जी, कोलगेट, कॉमनवेल्थ खेल घोटाला - भ्रष्टाचार की यह फेहरिस्त लंबी थी। रिमोट कंट्रोल से चलती सरकार ने देश को ₹फ्रैजाइल फाइव₹ अर्थव्यवस्थाओं में ला खड़ा किया। 26/11 के बाद भी ₹भगवा आतंकवाद₹ का झूठा नैरेटिव गढ़ा गया। प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही न्यायालय में काल्पनिक बताया गया। यह वह दौर था जब देश को गहरे आत्मविश्वास और दिशा की ज़रूरत थी।उसी दौर मैं गुजरात में एक चायवाले ने सिद्ध कर दिखाया, कि विकास की राजनीति उस प्रदेश को कहा तक लेजा सकती है । भूकंप-पीड़ित भुज का पुनर्निर्माण हो, 24×7 बिजली आपूर्ति हो या टाटा नैनो को 15 दिन में ज़मीन देना - ₹गुजरात मॉडल₹ की गूँज पूरे देश में थी। 2014 में जनता ने 31.5% वोट शेयर और 282 सीटें देकर ₹विकास की राजनीति₹ को ऐतिहासिक जनादेश दिया। भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, अंत्योदय और राष्ट्रगौरव - यही वह त्रिभुज था जिसने नरेंद्र मोदी को देश की पहली पसंद बनाया।आज भारत ₹फ्रैजाइल फाइव₹ से उठकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर तेज़ी से अग्रसर है। हाल ही में हमने स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर हमारा संकल्प और भी दृढ़ होता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावी जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान उद्देश्य के लिए समर्पित है। यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी-एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में। आज भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। जो वादे पहले चुनावी घोषणापत्र तक सीमित रह जाते थे, उन्हें नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा गया। "मोदी की गारंटी" केवल एक नारा नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प हो या अनुच्छेद 370 को हटाने जैसा ऐतिहासिक निर्णय, भाजपा ने अपने हर वादे को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। नरेंद्र मोदी के "राष्ट्र प्रथम" के अटूट संकल्प ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। जहां पहले 'एंटी-इन्कम्बेंसी' एक सामान्य प्रवृत्ति मानी जाती थी, वहीं आज 'प्रो-इन्कम्बेंसी' की नई परिभाषा स्थापित हुई है, जहां जनता विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व के आधार पर बार-बार अपना विश्वास दोहराती है। इसी विश्वास, इसी संकल्प और इसी राष्ट्रनिष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी आगे भी राष्ट्र निर्माण के इस पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी।

( लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सीजफायर

डॉ. घनश्याम बादल



# जारी कोहराम, यह कैसा युद्ध विराम

जैसी आशंका थी खाड़ी युद्ध में सीजफायर की घोषणा की, चंद घंटे बाद ही उसकी हवा निकल गई और इजराइल ने लेबनान पर युद्ध विराम की बात मानने से साफ इनकार करते करते हुए वहां भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। उधर ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर अंगूठा दिखा दिया है तो ट्रंप एक बार फिर धमकाने पर उतर आए हैं। ऐसे में 10 अप्रैल को होने वाली बैठक पर भी संकट के बदले मंडराते दिख रहे हैं। 40 दिन के भीषण युद्ध, बारूद की बारिश, ईरान की सर्वोच्च लीडरशिप का खात्मा और बाद के दो दिनों में उसके इंफ्रास्ट्रक्चर की तबाही के बाद भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ और उसके बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान की दृढ़ता, अपनी राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति समर्पण और उसकी तेल शक्ति तथा हथियारों की छिपी हुई ताकत के बल पर घुटनों के बल आना पड़ा और जैसे-तैसे चीन की मदद से इस युद्ध में सीज फायर करना पड़ा। मध्य-पूर्व की बारूदी ज़मीन पर अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो हफ्तों का "सीजफायर" पहली नजर में शांति का संकेत लगा था लेकिन गहराई में जाएं तो यह अधिक एक रणनीतिक विराम प्रतीत होता है। ऐसा विराम जिसमें दोनों पक्ष अपनी थकी हुई सैन्य और कूटनीतिक ताकतों को पुनर्गठित कर रहे हैं। यह ठहराव उस संघर्ष की जड़ों को नहीं मिटाता, जो दशकों से अविश्वास, वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय प्रभुत्व की होड़ में उलझा हुआ है। इस टकराव के मूल कारणों में 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच चली आ रही वैचारिक शत्रुता प्रमुख है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, पश्चिम एशिया में उसका बढ़ता प्रभाव और इजराइल के प्रति उसका कड़ा रुख, ये सभी कारक अमेरिका की आक्रामक नीति के आधार रहे हैं। वहीं, अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान को आर्थिक रूप से तो कमजोर किया ही, साथ ही उसे क्षेत्रीय स्तर पर अधिक आक्रामक और आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। शांति प्रस्तावों की बात करें तो अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, क्षेत्रीय मिलिशिया समूहों पर लगाम और इजराइल की सुरक्षा की गारंटी को प्रमुख शर्तों के रूप में रखा है। इसके बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में ढील का प्रस्ताव दिया गया है। दूसरी ओर, ईरान ने अपने संप्रभु अधिकारों की रक्षा करते हुए सभी प्रतिबंधों को हटाने, क्षेत्रीय मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप बंद करने और सुरक्षा आश्वासन की मांग की है। इन परस्पर विरोधी मांगों के बीच भरोसे की कमी ही सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इस पूरे परिदृश्य में चीन की भूमिका खास तौर पर उभरकर सामने आई है। चीन ने खुद को एक संतुलित और जिम्मेदार मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है। ऊर्जा जरूरतों के चलते ईरान के साथ उसके मजबूत संबंध हैं, वहीं अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए वह कूटनीतिक लाभ उठा रहा है। यह संकट चीन के लिए वैश्विक नेतृत्व की छवि गढ़ने का अवसर बन गया है। पाकिस्तान भी इस घटनाक्रम में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश करता दिखा। उसने एक ओर अमेरिका के साथ पुराने रिश्तों को फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया, तो दूसरी ओर इस्लामिक देशों के मंच पर ईरान के प्रति सहानुभूति जताकर संतुलन साधने की कोशिश की। यह दोहरी रणनीति क्षेत्रीय समीकरणों को और जटिल बनाती है। भारत के लिए यह स्थिति एक कठिन कूटनीतिक परीक्षा है। एक ओर अमेरिका के साथ उसके गहरे संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान भारत की ऊर्जा सुरक्षा और चाबहार परियोजना के लिहाज से महत्वपूर्ण साझेदार है, लेकिन इस पूरे संकट में भारत की भूमिका लगभग निष्क्रिय नजर आई,जहां उसने केवल सामान्य बयान जारी कर शांति और संवाद की अपील की है, लेकिन किसी ठोस मध्यस्थता या पहल की कोशिश नहीं की। यह निष्क्रियता भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक छवि पर सवाल खड़े करती है। यदि भारत अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता से बाहर निकलकर सक्रिय भूमिका नहीं निभाएगा, तो वह वैश्विक शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण अवसर खो देगा। जिस भारत को "वैश्विक दक्षिण" का नेता और उभरती हुई महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, उससे अपेक्षा थी कि वह इस संकट में एक सक्रिय, संतुलित और प्रभावी भूमिका निभाएगा। भारत का सीमित और सतर्क रुख यह संकेत देता है कि वह जोखिम लेने से बचता रहा। यह दो हफ्तों का सीजफायर शांति का स्थायी समाधान नहीं, बल्कि एक अस्थायी ठहराव है, एक ऐसा ठहराव जो आने वाले समय में और बड़े टकराव की भूमिका भी बन सकता है। भारत के लिए यह समय केवल देखने और प्रतीक्षा करने का नहीं, बल्कि अपनी कूटनीतिक क्षमता को साबित करने का है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
## दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

# ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
## प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश के कई जिलों को पीएनजी से जोड़ा जाए

भारत सरकार के सबसे बड़े उपक्रम, गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अनुमान के तहत देश में 16,000 किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गेल द्वारा 2,000 किलोमीटर से अधिक एलपीजी गैस पाइपलाइन का भी संचालन किया जाता है। गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से देश के 22 राज्यों के लगभग 90 से अधिक जिलों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके जरिए सीएनजी, एलपीजी तथा कुछ जिलों में पीएनजी गैस की आपूर्ति भी की जा रही है। यदि भारत सरकार उन राज्यों के जिलों में, जहां से गैस पाइपलाइन गुजरती है, राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करे तो आमजन को राहत मिलेगी। *- वीरेंद्र, हिसार*

## ट्रेंड

### अनाज उत्पादक संकट में



ममता दीदी के कुशासन में खेत बंजर पड़े हैं और अनाज उत्पादक संकट में हैं। यहां किसानों को आलू मिट्टी के दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। मैं स्वयं खेतों तक पहुँचा, किसानों से मिला और उनकी आँखों में चिंता स्पष्ट झलक रही थी।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### चौधरी के निधन से दुःख



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद ए.एच. खान चौधरी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। उन्होंने शांत स्वभाव, विनम्रता और अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपना जीवन मालदा और पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा में समर्पित कर दिया।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### महिलाओं के अधिकार



2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिला शक्ति को उनके पूर्ण अधिकार और सम्मान प्राप्त होंगे। आइए, राजनीति में महिलाओं की 33% भागीदारी सुनिश्चित करें और एक नए भारत की नींव रखें।
**- अरुण गोविल, सांसद, भाजपा**

### विभाजनकारी नीतियां



भाजपा के सहयोगियों और समर्थकों की विभाजनकारी नीतियां अपने ही देश की जनता में भय पैदा करती हैं और उन्हें आपस में लड़ाती हैं। ये साम्राज्यवादी "बांटो और राज करो" मानसिकता के वैचारिक उत्तराधिकारी हैं।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# ईरान युद्ध से वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज़ वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण, खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। संस्थाओं ने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात-निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी।

## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

## हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार नहीं चौथी बार मिली 1 रन से हार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 रन करीबी हार का सामना करना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी की टीम 209/8 का स्कोर ही बना सकी। डीसी को आईपीएल इतिहास में 4 चौथी बार 1 रन से हार मिली है, जो सर्वाधिक है।

### सीएसके के खिलाफ 2015 में पहली हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से पहली हार 2015 में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 9वें मुकाबले में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्वेन स्मिथ (34) और फाफ डु प्लेसिस (32) की पारियों से 150/7 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम एल्बी मोर्कल (73) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाई थी।



### गुजरात के खिलाफ 2016 में दूसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से दूसरी हार आईपीएल 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 23वें मुकाबले में जीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रेंडन मैकुलम (60) और ड्वेन स्मिथ (52) की अर्धशतकीय पारियों से 172/6 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी क्रिस मॉरिस (82) और जेपी डुमिनी (48) की पारियों के बाद भी 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी।

### आरसीबी के खिलाफ 2021 में तीसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से तीसरी हार 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 22वें मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एबी डिविलियर्स (75) और रजत पाटीदार (31) की पारियों के दम पर 171/5 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम ऋषभ पंत (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन ही बना पाई थी।

### गुजरात के खिलाफ 2026 में चौथी हार

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से चौथी हार वर्तमान में यानी 2026 में जीटी के खिलाफ मिली है। इस संस्करण के 14वें मुकाबले में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल (70), वाशिंगटन सुंदर (55) और जोस बटलर (52) की पारियों के दम पर 210/4 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम केएल राहुल (92*) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन ही बना पाई।

### धीमा ओवर फेंकने पर शुभमन पर लगा 12 लाख का जुर्माना

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है। यह मामला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले से जुड़ा है। इस रोमांचक मैच में जीटी ने डीसी को 1 रन से हरा दिया। यह इस सीजन में टीम का पहला ओवर-रेट अपराध था, जिसके चलते गिल पर कार्रवाई की गई। आईपीएल के आधिकारिक बयान के अनुसार, आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत पहली बार धीमी ओवर गति रखने पर कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इसी नियम के तहत गिल पर भी इतना ही जुर्माना लगाया गया। नियमों के मुताबिक, दूसरी बार अपराध पर कप्तान पर 24 लाख रुपये और टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया जाता है, जबकि तीसरी बार सजा और कड़ी हो जाती है।

---

## खबर संक्षेप



### दादरा-नगर हवेली, यूपी व पंजाब सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

**राजगीर (बिहार)।** पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डिवीजन 'ए' क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच में दादरा और नगर हवेली तथा दम और दीव ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने झारखंड को 5-3 से शिकस्त दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 6-3 से हराया। दिन के अंतिम मैच में मध्य प्रदेश और हरियाणा ने गोल रहित ड्रॉ खेला जिसके बाद मध्य प्रदेश ने शूट आउट में 4-3 से जीत दर्ज की।

### मेदवेदेव ने बेरेत्तिनी से हार के बाद रैकेट सात बार फेंका



**मोनाको।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में मातेओ बेरेत्तिनी से 6-0, 6-0 से मिली हार के बाद अपना रैकेट सात बार लाल क्लेकोर्ट पर फेंका। इस समय दसवीं रैंकिंग पर काबिज मेदवेदेव 49 मिनट में मुकाबला हार गए। उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किये जबकि बेरेत्तिनी ने एक भी नहीं किया। मेदवेदेव इस साल क्ले पर अपना पहला मैच खेल रही थी। उन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स में हार्डकोर्ट पर शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज को हराया था।

### खालिन ने कायम की आंध्र ओपन में तीन शॉट की बढ़त



**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने एक अंडर 70 का कार्ड खेल बृहस्पतिवार को यहां आंध्र ओपन 2026 के तीसरे दौर के बाद कुल सात अंडर 206 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर तीन शॉट की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। बेंगलुरु के 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता के शुरुआती दो दौर में समान 68-68 के कार्ड खेले थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में छह बार के इस विजेता खिलाड़ी के पास अब चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने का अच्छा मौका है। उन्होंने अपना पिछला खिताब अगस्त 2022 में कोयंबतूर में जीता था। यश-राशिद संयुक्त दूसरे स्थान पर दुबई के यश मजमुदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार अंडर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। मजमुदार ने तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाया, जबकि राशिद ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 67 का कार्ड खेलकर अच्छी वापसी की।


---

### आईपीएल : तीन विकेट से हराया, चौधरी बने मैन ऑफ द मैच

# मुकुल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से केकेआर पर एलएसजी की रोमांचक जीत

भाषा ▶▶| कोलकाता

मुकुल चौधरी की बेखौफ नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया। एलएसजी ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर 128 रन पर मोहम्मद शमी के रूप में अपना सातवां विकेट गंवा दिया था। टीम को आखिरी चार ओवर में 54 रन चाहिए थे, और चौधरी ने आवेश खान (नाबाद एक) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। एलएसजी के लिए आयुष बडोनी ने भी 54 रन की शानदार पारी खेली। चौधरी ने अपनी पारी की शुरुआती आठ गेंदों में केवल दो रन बनाए, लेकिन बाद में सात छक्के लगाकर नाबाद 54 रन बनाए। इनमें से वैभव अरोड़ा की गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में खेला गया हेलीकॉप्टर शॉट दर्शनीय था। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 181 रन बनाए। कैमरून ग्रीन ने मौजूदा सत्र में पहली बार गेंदबाजी करते हुए अपनी दूसरी गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया और टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। हालांकि, पारी के 19वें ओवर में वह रन रोकने में नाकाम रहे। आखिरी दो ओवर में केकेआर को 30 रन की जरूरत थी, लेकिन ग्रीन ने 16 रन लुटा दिए। एलएसजी को अंतिम ओवर में 14 रन चाहिए थे, और वैभव अरोड़ा दबाव में चूक गए। आईपीएल के अपने पहले सत्र में तीसरा मैच खेल रहे चौधरी ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का मारकर स्कोर बराबर किया और फिर आखिरी गेंद पर चूकने के बाद एक रन लेकर टीम को यादगार जीत दिलाई। इससे पहले बडोनी ने 34 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। उनके बाद चौधरी की तेजी ने मैच का पासा पलट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (15) और एडेन मारक्रम (22) के बाद कप्तान ऋषभ पंत (10) और निकोलस पूरन (13) का विकेट सस्ते में गंवा दिया लेकिन चौधरी और बडोनी ने बेखौफ बल्लेबाजी से केकेआर की जीत के इंतजार को और बड़ा दिया।



54* रन | 27 गेंद | 02 चौके | 07 छक्के

**कोलकाता-181/4**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अजिंक्या रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: (20 ओवर में 4 विकेट पर) 181 रन
**विकेट पतन:** 1-15, 2-99, 3-105, 4-111
**गेंदबाजी:** शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1 सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

**लखनऊ-182/7**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का रघुवंशी बो वैभव | 13 |
| एडेन मारक्रम का पोवेल बो वैभव | 22 |
| ऋषभ पंत का त्यागी बो ग्रीन | 10 |
| आयुष बडोनी का रिंकू बो अनुकूल | 54 |
| पूरन का रमनदीप बो त्यागी | 13 |
| अब्दुल समद बो अनुकूल | 02 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 54 |
| शमी का अनुकूल बो नारायण | 01 |
| आवेश खान नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 10
**कुल योग:** (20 ओवर में सात विकेट पर) 182 रन
**विकेट पतन:** 1-41, 2-42, 3-73 , 4-95, 5-104 , 6-125, 7-128
**गेंदबाजी:** वैभव 4-0-38-2, अनुकूल 4-0-32-2, सैनी 3-0-37-0, नारायण 4-0-13-1, त्यागी 3-0-31-1, ग्रीन 2-0-28-1

### आज होगी राजस्थान और आरसीबी के बीच भिड़ंत

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 16वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें लगातार मिल रहीं जीत के कारण उत्साहित हैं। इस मैच में देखना यह होगा कि कौन सी टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखती है और कौन जीत हासिल करने से चूकती है। आईपीएल के इस संस्करण में आरसीबी ने 2 मुकाबले खेले हैं और उसे दोनों ही मैच में जीत मिली है। वहीं, राजस्थान रायल्स ने रियान पराग की कप्तानी में 3 मुकाबले खेले हैं और उसने भी सभी मैचों में जीत दर्ज की है। ऐसे में एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आरआर और आरसीबी के बीच यह मुकाबला आज 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।



---

### एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप

# मीनाक्षी फाइनल में, हंसिका और नेहा ने जीता कांस्य पदक



मिनाक्षी गोयत, (53 किग्रा)



हंसिका लांबा, (55 किग्रा)



नेहा, (59 किग्रा)


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में किर्गिजस्तान के बिश्केक में गुरुवार को भारतीय पहलवान हंसिका लांबा 55 किग्रा और नेहा ने 59 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी गोयत ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में पहले ही पदक पक्का कर लिया है। उन्होंने उज्बेकिस्तान की सकिबजमाल एस्बोसिनोवा को 15-4 से और रिपब्लिक ऑफ कोरिया की सियोयंग पार्क को 4-2 से हराकर गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाई। वे फाइनल में चीन की पूर्व अंडर 20 विश्व चैंपियनजिन झांग से भिड़ेंगी। 55 किग्रा वर्ग में हंसिका लांबा ने किर्गिजस्तान की अरुके कादिरबेक क्यजी को 6-1 के स्कोर से हराकर पोडियम स्थान हासिल किया। हंसिका सेमीफाइनल में चीन की युक्सुआन ली से हारने के बाद फाइनल मुकाबले में पहुंची थीं। वहीं, 59 किग्रा वर्ग में नेहा ने मंगोलिया की बोलोर्तुया खुरेलखू को 10-4 से हराकर अपना पदक पक्का किया। दुसरी ओर, पिछले साल एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में 62 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा भनवाला इस बार 57 किग्रा में कांस्य पदक के लिए लड़ेंगी। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में हार के बाद रेपेचेज राउंड में जगह बनाई है। मानसी अहलावत ने भी 62 किग्रा वर्ग में रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में कुल 30 भारतीय पहलवान हिस्सा ले रहे हैं, महिला, पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन वर्ग में 10-10 खिलाड़ी हैं। महिलाओं की फ्रीस्टाइल रेसलिंग बुधवार को शुरू हुई थी। ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत भी भारतीय रेसलिंग टीम का हिस्सा हैं और वे शनिवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

---

### 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3'

# अनिमेष, हिमा सहित कई बड़े खिलाड़ी लेंगे भाग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनिमेष कुजूर और हिमा दास की अगुवाई में कई बड़े एथलीट शनिवार को यहां होने वाली 'इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-3' में चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में खिलाड़ियों को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाल ही में बिछाए गए मोंडो ट्रैक पर प्रदर्शन करने का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। तूर गोला फेंक प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, क्योंकि इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो बार 20 मीटर से अधिक दूरी तक गोला फेंका है। अनिमेष सहित ये

### खिलाड़ी भी ले रहे हैं भाग

अनिमेष कुजूर (पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर) और हिमा (महिला 400 मीटर) के अलावा विशाल टीके (पुरुष 400 मीटर) और तेजिंदरपाल सिंह तूर (पुरुष गोला फेंक) जैसे राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा 2025 तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी चुनौती पेश करते हुए दिखेंगे। इन सभी खिलाड़ियों के नाम भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा जारी प्रविष्टि सूची में शामिल हैं, हालांकि अंतिम प्रतिभागियों की पुष्टि शुक्रवार को होगी।

### खिलाड़ियों को मिलेगी दिग्गजों से चुनौतियां

पुरुष 100 मीटर में अनिमेष के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरिंदरवीर सिंह भी मैदान में होंगे। गुरिंदरवीर ने पिछले महीने भुवनेश्वर में आयोजित पहली राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर का स्वर्ण पदक जीता था। इस स्पर्धा के फाइनल में कुजूर को फॉल्स स्टार्ट के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुरिंदरवीर का 100 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 10.20 सेकंड है, जबकि अनिमेष का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.18 सेकंड है। विशाल अपनी मुख्य स्पर्धा 400 मीटर के साथ 200 मीटर में भी भाग लेंगे, जहां उनके सामने अनिमेष की चुनौती होगी।

**नीरज चोपड़ा भी दिखेंगे मैदान में :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के अलावा पुरुष भाला फेंक में लगभग सभी शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे। चोपड़ा इस समय विदेश में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सचिन विश्व चैंपियनशिप में 86.27 मीटर के साथ चौथा स्थान हासिल करने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में उतरेंगे, जहां उन्हें किशोर कुमार जेना, रोहित यादव, यशवीर सिंह, विक्रांत मलिक और शिवम लोखरे की चुनौती का सामना करना होगा।

---

### बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप

# आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय हारे

**निंगबो (भाषा)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई । विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21 . 16, 21 . 12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा । भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 18, 21 . 8 से हराया । कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21 . 12, 21 . 19 से मात दी । मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21 . 13, 21 . 14 से हराया । महिला एकल में उन्नति हुडा जापान की विश्व नंबर नौ टोमोका मियाजाकी से 17 . 21 9 . 21 से हार गईं, जबकि प्रिया कोंजेंगबम एवं श्रुति मिश्रा की महिला जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जोड़ी से 10 . 21 13 . 21 से हार गईं।

---

# आईपीएल के बीच बीसीसीआई का नया फरमान, सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम शीट में शामिल होगा।

शीट में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।नए नियम के मुताबिक टीम शीट में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल 5 खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही रहना होगा।





### कौन-कौन होंगे शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक, नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की शीट में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रूप में 1 और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। बाउंड्री लाइन और एलईडी विज्ञापन बोर्ड के बीच केवल सीमित खिलाड़ियों को ही रहने की अनुमति होगी। इन नियमों का पालन न करना टीम और खिलाड़ियों की मुश्किल बढ़ा सकता है।

### इस कारण से लाए गए नए नियम

माना जा रहा है कि यह नया नियम एमपीसी (मैच खेलने की शर्तों) के क्लॉज 11.5.2 और 24.1.4 को और सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है। क्लॉज 11.5.2 के मुताबिक, बिना अंपायर की अनुमति के मैदान पर ड्रिंक्स ले जाना या समय बर्बाद करना नियमों के खिलाफ है।

---

### छक्के जड़कर बनाई अपनी अलग पहचान

# टी-20 क्रिकेट में गेल 1056 और पोलार्ड जड़ चुके हैं 982 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में छक्के लगाना सिर्फ ताकत का नहीं, बल्कि टाइमिंग और आत्मविश्वास का भी खेल है। दुनिया भर के कुछ चुनिंदा बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 600 से ज्यादा छक्के जड़कर अपनी अलग पहचान बनाई है। ये खिलाड़ी मैदान पर आते ही गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं और मैच का रुख पलटने का दम रखते हैं। आइए जानते हैं उन धाकड़ बल्लेबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में छक्कों की बारिश कर इतिहास रचा है।



### क्रिस गेल (1,056 छक्के)

इस सूची में पहले स्थान पर वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2005 में खेला था। आखिरी बार वह 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 463 मुकाबले खेले थे और इसकी 455 पारियों में 1,056 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 14,562 रन निकले थे। उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक भी जड़े थे।



### किरोन पोलार्ड (982 छक्के)


इस सूची में दूसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के एक और दिग्गज खिलाड़ी किरोन पोलार्ड हैं। उन्होंने अब तक 735 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 652 पारियों में 982 छक्के लगाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 31.62 की औसत और 150.96 की स्ट्राइक रेट से 14,482 रन निकले हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 1 शतक और 67 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा है।

### आंद्रे रसेल (784 छक्के)

तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल हैं। उन्होंने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लिया था। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला 2010 में खेला था। इस खिलाड़ी ने 590 मुकाबले खेले हैं और इसकी 508 पारियों में 26.18 की औसत और 167.61 की स्ट्राइक रेट से 9,636 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 784 छक्के निकले हैं। उन्होंने 2 शतक और 34 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन है।

### निकोलस पूरन (712 छक्के)

निकोलस पूरन इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्टार बल्लेबाज ने अब तक 444 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 417 पारियों में 712 छक्के लगाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 29.91 की औसत और 147.89 की स्ट्राइक रेट से 10,379 रन भी निकले हैं। पूरन ने अपने टी-20 करियर में 4 शतक और 63 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 108* रन रहा है।




# नेतन्याहू बोले- जहां जरूरत होगी, वहां करेंगे हमला, साथ ही वार्ता की भी बात की




एजेंसी ▶▶ यरूशलेम/ तेहरान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हिजबुल्ला के खिलाफ उनके हमले रुकने वाले नहीं हैं। लेबनान में हुए भीषण हमलों के बाद नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना पूरी ताकत और सटीक रणनीति के साथ हिजबुल्ला को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इजराइली नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जब तक उत्तरी इजराइल के निवासी अपने घरों में सुरक्षित वापस नहीं लौट जाते, तब तक हिजबुल्ला के ठिकानों पर जहां भी जरूरी होगा, हमला जारी रहेगा। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने अब तक की लड़ाई में शानदार जीत हासिल की है, जो पहले असंभव लगती थी। अब ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत है। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ लक्ष्य बाकी हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा, चाहे सहमति से हो या लड़ाई फिर से शुरू करके। नेतन्याहू के बयान ने पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ा दिया है।

## इजराइल की हिजबुल्ला को सीधी चेतावनी

- ईरान पहले से कमजोर और इजराइल पहले से मजबूत
- इजराइल ने लड़ाई में शानदार जीत हासिल की
- ईरान बोला- आने वाले कुछ घंटे काफी अहम


लेबनान के शहर बेरूत पर इजराइली हमले में क्षतिग्रस्त इमारतें

## लेबनान में हथियार भंडारण केंद्र, लॉन्चर और कमांड सेंटर तबाह

*इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्ला से जुड़े महत्वपूर्ण ठिकानों और नेटवर्क को निशाना बनाया है। इजराइली सेना ने दक्षिण लेबनान में लितानी नदी के दक्षिण हिस्से में हिजबुल्ला द्वारा हथियारों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दो अहम मार्गों को भी निशाना बनाया।*

- ❐ लेबनान में हिज्बुल्लाह ठिकानों पर आईडीएफ के नए हवाई हमले
- ❐ अगले हफ्ते इजराइल-लेबनान वार्ता वॉशिंगटन में शुरू होगी
- ❐ पूर्व इजराइली आर्मी चीफ का फोन हैक, फोटो-वीडियो लीक
- ❐ ईरानी हैकर्स ने फैमिली फोटोज व सीक्रेट मीटिंग्स की तस्वीरें वायरल की



अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में लेबनान पर हुए हमलों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन

## 15,400 टन रसोई गैस लेकर मुंबई पहुंचा 'ग्रीन आशा'


### जेएन पोर्ट के विशेष हिस्से में खड़ा किया गया

मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में चल रहे युद्ध और तनाव के बीच रसोई गैस यानी एलपीजी लेकर एक भारतीय जहाज सुरक्षित भारत पहुंच गया है। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 15,400 टन एलपीजी लेकर आ रहा जहाज 'ग्रीन आशा' नवी मुंबई के पोर्ट पर सफलतापूर्वक पहुंच चुका है। इस जहाज को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के उस विशेष हिस्से (बर्थ) पर खड़ा किया गया है, जिसका संचालन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन मिलकर करते हैं। इस पूरे मिशन की सबसे अच्छी बात यह रही कि जहाज पर मौजूद चालक दल (क्रू) के सभी सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। जहाज में लदी 15,400 टन एलपीजी और खुद जहाज को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।


नवी मुंबई तट पर 'ग्रीन आशा'

**इजराइली सेना का दावा**

## हिजबुल्ला चीफ के भतीजे हर्शी की मौत



इजराइल ने दावा किया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर बुधवार को किए गए उसके भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम का एक सहयोगी मारा गया। आईडीएफ के अनुसार, अली यूसुफ हर्शी, जो हिजबुल्ला के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव, करीबी सलाहकार और भतीजा था।

## रूस ने 40 प्रतिशत तक सस्ती एलएनजी देने का दिया ऑफर

जब मिडिल ईस्ट में जंग की वजह से दुनियाभर के अलग-अलग देशों को तेल संकट से जूझना पड़ रहा था, तब रूस ने भारत को तेल सप्लाई की। अब एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) मार्केट में भी रूस ने एक बड़ा खेल खेला है। रूस ने अब भारत समेत एशियन बायर्स को एलएनजी खरीद पर 40 फीसदी तक का भारी डिस्टाउंट ऑफर दिया है। सस्ते दाम पर एलएनजी मिलने से एशियाई बायर्स के लिए बड़ा मौका बन सकता है। बता दें, अमेरिकी के रूसी तेल से प्रतिबंध को अस्थायी तौर पर हटाने का रूस को भारी फायदा हुआ है। माना जा रहा है कि अप्रैल के महीने में रूस की तेल से होने वाली आय दोगुनी होकर 9 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी।

**होर्मुज पर ईरान का फैसला**

## जहाजों के लिए नए रास्ते तय



ईरान ने जहाजों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक समुद्री रास्तों का ऐलान किया है, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि समुद्री सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आईआरजीसी नौसेना ने सभी मालवाहक जहाजों और नौकाओं को इन नए, निर्दिष्ट मार्गों का पालन करने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए।

### सिक्किम में फंसे 1,321 पर्यटकों को बचाया



**गंगटोक।** सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। ये पर्यटक 5 अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, 'लाचेन जुमसा' के सक्रिय समन्वय से चलाया गया।

### एनआईए ने भुवनेश्वर विस्फोट की जांच शुरू की



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जनवरी में भुवनेश्वर में हुए विस्फोट की जांच शुरू कर दी है। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनआईए की तीन सदस्यीय टीम ने यहां एयरफील्ड थाने का दौरा किया और आजाद नगर में 27 जनवरी को हुए विस्फोट के संबंध में दस्तावेज एकत्र किए।

### आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अपोलो मिशनों की परंपरा को आगे बढ़ाया

## चंद्रमा की सतह के गड्ढों को प्रियजनों के नाम देने के प्रस्ताव को नासा ने सहर्ष किया मंजूर

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

चंद्रमा से पृथ्वी की ओर लौट रहे आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अपोलो मिशनों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंद्रमा की सतह के दो गड्ढों के नाम अपने प्रियजनों के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। कमांडर रीड वाइजमैन और उनके दल ने एक छोटे, अपेक्षाकृत नए गड्ढे का नाम अपने कैप्सूल 'इंटीग्रिटी' के नाम पर तथा दूसरे का नाम उनकी दिवंगत पत्नी 'कैरोल' के नाम पर रखने की अनुमति मांगी। यह अनुरोध कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने सोमवार को चंद्रमा की परिक्रमा से ठीक पहले किया। वाइजमैन भावुक होने के कारण उस समय कुछ नहीं बोल सके। पेशे से नर्स कैरोल वाइजमैन का 2020 में कैंसर से निधन हो गया था।

- पृथ्वी से दिखने वाले नए क्रेटर का नाम 'इंटीग्रिटी क्रेटर' रखा
- चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से में स्थित क्रेटर को 'कैरोल क्रेटर' कहा

**चंद्रमा की एक चोटी 'माउंट मैरिलिन' अंतरिक्ष यात्री की पत्नी की याद में रखा था**


प्रस्ताव पर मंजूरी मिलते ही क्रू के चारों सदस्यों ने गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी

साल 1968 में अपोलो-8 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री जिम लॉवेल ने अपनी पत्नी के नाम पर चंद्रमा की एक प्रमुख चोटी का नाम 'माउंट मैरिलिन' रखा था। यह मानव की पहली चंद्रमा यात्रा थी। आर्टेमिस-2 मिशन के तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री 1972 में अपोलो-17 के बाद चंद्रमा तक पहुंचने वाले पहले यात्री हैं। वाइजमैन के प्रस्ताव ने मिशन कंट्रोल में मौजूद वैज्ञानिकों को कुछ समय के लिए निशब्द कर दिया। नासा के चंद्र वैज्ञानिक रयान वॉटकिन्स ने कहा कि यह बेहद भावुक क्षण था। वहां सबकी आंखें नम हो गईं।

**नए और चमकीले गड्ढों का चयन किया**

मिशन कंट्रोल की प्रमुख वैज्ञानिक केल्सी यंग ने प्रक्षेपण से पहले अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर इन अपेक्षाकृत नए और चमकीले गड्ढों का चयन किया था, जिन्हें अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के करीब पहुंचने पर देखा। प्रस्तावित 'कैरोल क्रेटर' चंद्रमा के निकट और दूरस्थ हिस्सों की सीमा पर स्थित है और कभी-कभी पृथ्वी से दिखाई देता है, जबकि 'इंटीग्रिटी क्रेटर' पूरी तरह चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से में स्थित है। संघ के अधिकारी रामासामी वेणुगोपाल ने कहा कि सामान्य प्रक्रिया के तहत इन नामों पर लगभग एक महीने में निर्णय लिया जा सकता है। संघ की स्वीकृत सूची में पहले से 81 चंद्र स्थल ऐसे हैं, जिनका नाम अंतरिक्ष यात्रियों के नाम पर रखा गया है।, हालांकि अपोलो युग के कुछ अनौपचारिक नामों को मंजूरी नहीं मिल सकी थी।

## एअर इंडिया फ्लाइट का इंजन हुआ बंद, 20 मिनट बाद वापस मुंबई लौटा विमान

**मुंबई।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही एअर इंडिया की एअरबस ए 320 नियो फ्लाइट एआई 2812 गुरुवार को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटी। अधिकारियों ने बताया कि हवा में एक इंजन बंद होने पर पायलट ने रेडियो पर 'पैन-पैन' कॉल दी, जिसके बाद फ्लाइट को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित लैंड कराया गया। दरअसल विमानन इमरजेंसी प्रोटोकॉल में यह कॉल 'मेडे' से एक स्तर नीचे मानी जाती है। इसका मतलब होता है कि स्थिति गंभीर है और तुरंत सहायता की जरूरत है, लेकिन तत्काल जानलेवा खतरे की स्थिति नहीं है। टेकऑफ के दौरान तेज आवाज सुनाई दी और चिंगारी भी दिखीं।

### 'रण संवाद 2026' में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने संयुक्त कार्रवाई का महत्व बताया, ये एक केस स्टडी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डोमेन जॉइंटनेस की दिशा में भारत की प्रगति को दिखाया है। इस सैन्य अभियान को एकीकरण के परिचालन महत्व का निर्णायक केस स्टडी बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्तता की दिशा में भारत की प्रगति का सबसे शक्तिशाली साधन था। लेकिन हमें विभिन्न क्षेत्रों का एकीकरण और विलय हासिल करना होगा। वे 'रण संवाद 2026' मंच पर थल सेना द्वारा बहु-क्षेत्रीय संचालन (एमडीओ) का दृश्य-विश्लेषण विषय पर संबोधित कर रहे थे।

### आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं



सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं या किसी एक सेना के प्रभुत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों, हितधारकों और संघर्ष के स्तरों में निरंतर क्रिया द्वारा परिभाषित होता है। उन्होंने कहा कि हम अपने समय के एक बिखरे हुए, अघोषित, बहु-मोर्चे वाले, बहु-क्षेत्रीय युद्ध का सामना कर रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि क्या क्षेत्र आपस में परस्पर क्रिया करते हैं, बल्कि यह है कि युद्ध क्षेत्र में यह परस्पर क्रिया किस प्रकार संचालित होती है।

**युद्धक्षेत्र अब मानचित्र पर खींची गई एक रेखा मात्र नहीं**

*उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि एमडीओ में, युद्धक्षेत्र अब मानचित्र पर खींची गई एक रेखा मात्र नहीं है। यह एक 3डी परिदृश्य है - साइबर प्रभाव संज्ञानात्मक स्थान को आकार देते हैं। अंतरिक्षीय संसाधन लक्ष्यों को संकेत देते हैं। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध एक साथ हर आवृत्ति का मुकाबला करता है। कमांडरों को सामरिक से लेकर रणनीतिक स्तर तक, विभिन्न क्षेत्रों में स्थितिजन्य जागरूकता विकसित करनी चाहिए।*

### अब तक हुई 8 लाख 15 हजार लोगों की वतन वापसी : जायसवाल

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हुए लगभग एक पखवाड़े के तथाकथित संघर्षविराम के बीच भारत पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी के इलाके में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी को शीर्ष प्राथमिकता बनाकर निभा रहा है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक कुल 8 लाख 15 हजार भारतीय सुरक्षित देश वापस लौट चुके हैं। जबकि क्षेत्र में देश के नागरिकों की कुल आबादी लगभग 1 करोड़ है। जल्द ही भारत लौटने वाले लोगों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। राजधानी में गुरुवार को हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने यह जानकारी दी है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28